दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



शूटिंग में की हुई गंदी हरकतों थीं शिकार

अपने सारे एक्सेस को किए कॉल !

वर्ष : 12 | अंक : 318 | लखनऊ, 17 नवम्बर ,मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

अंतिम दिन घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया छठ महापर्व का समापन

कई व्रती महिलाओं समेत श्रद्धालु सुबह तड़के ही विभिन्न घाटों पर पहुंच गए और पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठी मइया की पूजा की गई और फिर व्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत का पारण किया

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

पूरे देश में छठ पूजा का चार दिवसीय पर्व सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान पूरे देश में लाखों श्रद्धालुओं ने नदियों के घाटों, तालाबों और अन्य जलाशयों में सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। कई महिलाएं समेत श्रद्धालु सुबह तड़के ही विभिन्न घाटों पर पहुंच गए और पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठी मइया की पूजा की गई और फिर व्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत का पारण किया। इसी के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया।



व्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत का पारण किया

बिहार की राजधानी पटना में गंगा नदी किनारे अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने छठ महापर्व के अंतिम दिन देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने छठ पर्व को दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम बताया। पीएम ने कहा कि उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने के साथ आज महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस उत्सव में दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक साधना देखने को मिली।



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता हाथी घाट में अर्घ्य देती हुईं

हाथी घाट पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता

छठ महापर्व के अंतिम दिन दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता हाथी घाट पहुंचीं और छठ व्रतियों के साथ पूजा-अर्चना में शामिल होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। पारंपरिक परिधान में सजी सीएम ने छठ व्रती महिलाओं के साथ गीत गाए और उनके साथ इस पावन पर्व की खुशियां साझा कीं। उन्होंने पारंपरिक रस्मों में हिस्सा लिया और सिंदूर लगाकर पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया।

नितिन नवीन ने आवास पर की पूजा



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी पटना स्थित अपने आवास पर छठ पूजा में हिस्सा लिया। उन्होंने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और देशभर के लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व अनुशासन, पवित्रता और स्वच्छता के मूल्यों का प्रतीक है। बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्होंने बिहार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी पटना में छठी मइया की पूजा अर्चना की।

परिचम बंगाल में छठ पूजा संपन्न

कोलकाता, बैरकपुर, हावड़ा, आसनसोल, दुर्गापुर और सिलीगुड़ी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंदी भाषी आबादी वाले इलाकों में छठ पूजा धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। राज्य के मंत्री इंद्रनील खान ने सुबह से ही कोलकाता में हुगली नदी के किनारे स्थित घाटों का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

खबर संक्षेप

कुए की मिट्टी गिरने से 4 मजदूरों की मौत

सोलापुर। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के एक गांव में कुएं की खुदाई के दौरान मिट्टी और चट्टानों का मलबा गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई। सोलापुर के जिलाधिकारी एस. कार्तिकेयन ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे पंढरपुर तालुका के अंबे गांव में हुई। वहां एक खेत में जेसीबी मशीन की मदद से 50 फुट गहरा कुआं खोदा जा रहा था।



शिमला में कार खाई में गिरी, 3 की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में सोमवार सुबह एक कार के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा रामपुर उपमंडल में रामपुर-गौरा संपर्क मार्ग पर सुबह लगभग तीन बजे हुआ। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार 700-800 फुट गहरी खाई में जा गिरी।



कर्नाटक सीएम ने आवास का नाम 'गंगा' रखा

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने यहां कुमार कृपा अतिथि गृह के पुराने भवन का नाम बदलकर 'गंगा' रखने के साथ ही इसे सीएम डीके शिवकुमार का आधिकारिक आवास घोषित कर दिया। यह फैसला अतिथि गृह के पुराने भवन का नवीनीकरण किए जाने के बाद लिया गया। इस परिसर का इस्तेमाल सीएम से मिलने आने वाले लोगों के स्वागत और शिकायतें सुनने के लिए होगा।

सीनियर सिटीजन संस्थान ने मेधावी छात्र हृदयांश सक्सेना को 5100 रुपये देकर किया सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में छठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले मेधावी छात्र हृदयांश सक्सेना को सीनियर सिटीजन संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया।

एसआईआर को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच फिर विवाद तेज

ऑनलाइन पोर्टल और वोटर लिस्ट में बदलाव पर भी किए सवाल

सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल, ईसी से मांगे 48 सवालों के जवाब

याचिका में आरोप लगाया गया है कि देशभर में एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान एकतरफा फैसले लिए गए, मतदाताओं के नाम हटाए गए और चुनाव आयोग के ऑनलाइन पोर्टल में बिना उचित मंजूरी के बदलाव किए गए। विपक्षी नेताओं ने इन सभी मामलों पर चुनाव आयोग से स्पष्ट जानकारी मांगी है

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच विवाद तेज होता जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में नई अर्जी दाखिल की है। इसमें चुनाव आयोग को 48 लिखित सवाल भेजने की अनुमति मांगी गई है। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो अन्य चुनाव आयुक्तों से हलफनामे के जरिए जवाब देने की मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि देशभर में एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान एकतरफा फैसले लिए गए, मतदाताओं के नाम हटाए गए और चुनाव आयोग के ऑनलाइन पोर्टल में बिना उचित मंजूरी के बदलाव किए गए। विपक्षी नेताओं ने इन सभी मामलों पर चुनाव आयोग से स्पष्ट जानकारी मांगी है। कांग्रेस ने पूछा है कि कितने फैसलों पर दोनों चुनाव आयुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त की राय से असहमत थे? इसके अलावा, देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने का फैसला किसने लिया था?

सीईसी के एकतरफा फैसले लेने पर उठाए सवाल



फॉर्म 6 में बदलाव और राज्यों में हटाए गए नामों का ब्योरा मांगा

राहुल गांधी और अन्य याचिकाकर्ताओं का मुख्य सवाल यह है कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ने अन्य दो चुनाव आयुक्तों की जानकारी, सहमति या मंजूरी के बिना आयोग की सामूहिक शक्तियों का इस्तेमाल किया? याचिकाकर्ताओं का कहना है कि आयोग ने अपने दावे के समर्थन में फाइल नंबर, तारीख या बैठकों का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने अगस्त 2025 में मिले एक आरटीआई जवाब का भी हवाला दिया है। इसके मुताबिक, चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा था कि देशभर में एसआईआर शुरू करने का कोई फैसला नहीं लिया गया था।

तीन अधिकारियों से मांगा जवाब

अर्जी में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी से भी जवाब मांगा गया है। राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने मांग की है कि फरवरी 2025 से अक्तूबर 2026 के बीच इन दोनों चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर, ईसीआईनेट, फॉर्म-6 या अदालत में दाखिल अपीलों को लेकर कब-कब लिखित आपत्ति, असहमति या विरोध दर्ज कराया।

8.5 लाख किताबें शिफ्ट करने की जल्दबाजी क्यों?

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। मामला दिल्ली के 135 साल पुरानी केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकारी अधिकारी पुस्तकालय की विरासत को बचाने के लिए बिना किसी ठोस योजना के काम करते दिख रहे हैं। आप इस काम को जल्दबाजी में पूरा करना चाहते हैं।

सीजेआई के साथ वकील ने की बदसलूकी

सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले एक वकील को कोर्ट रूम से बाहर ले जाया गया। वकील ने सुनवाई के दौरान सीजेआई पर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए कहा कि वह इस पद पर बैठने के योग्य नहीं हैं। घटना के बाद अदालत की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग बंद कर दी गई।

बिलकिस बानो केस में दो दोषियों को जमानत

बिलकिस बानो गैंगरेप और हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो दोषियों को राहत दी है। अदालत ने दोनों की उम्रकैद की सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि दोनों दोषी 17 साल से अधिक समय जेल में बिता चुके हैं। साथ ही उनकी अपील में तथ्यों और कानून से जुड़े ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर सुनवाई की जरूरत है। दोनों दोषी उन 11 लोगों में शामिल हैं, जिन्हें गुजरात सरकार ने अगस्त 2022 में समय से पहले रिहा किया था।

यमुना को प्रदूषण करने वालों पर लगेगा जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यमुना की सफाई पर भारी रकम खर्च करने के बावजूद, नदी में प्रदूषण कम होने के बजाय बढ़ा ही है। यह नदी के किनारे बसे कस्बों और शहरों के नागरिक प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। अगर किसी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या जिले से गुजरते समय पानी की गुणवत्ता खराब होती है, तो संबंधित प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। सीपीसीबी से मुआवजे की गणना के लिए एक फॉर्मूला सुझाने को कहा गया है, जिसे राज्य जांच के बाद प्रदूषण फैलाने वालों और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों से वसूल सकते हैं।

अजित पवार को याद कर भावुक हुए शाह



अजीत पवार की मूर्ति का अनावरण करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

आंखें बंद करूं तो दिखते हैं दादा, उनका जाना बड़ी क्षति

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महाराष्ट्र के पुणे में दिवंगत एनसीपी नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की एक प्रतिमा का अनावरण किया गया, और उनके नाम पर रखी गई जिला परिषद भवन की प्रवेश-द्वार का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दादा का अचानक और असामयिक निधन एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। उनका असामयिक निधन को न केवल महाराष्ट्र, बल्कि विशेष रूप से पुणे, बारामती, पिंपरी और चिंचवड़ क्षेत्रों के लिए अपूरणीय क्षति है। दादा का व्यक्तित्व इतना जीवंत और सकारात्मक था कि आज भी अगर मैं अपनी आंखें बंद करूं तो मुझे दादा अपने ठीक सामने खड़े दिखाई देते हैं।

दादा की मौत की रिपोर्ट सार्वजनिक हो: सीएम

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अजित पवार विमान हादसे की जांच में तेजी लाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट जल्द सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि लोगों के मन में उठ रहे सवालों और आशंकाओं का जवाब मिल सके। हादसे की जांच महाराष्ट्र सीआईडी और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत आने वाला विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) अलग-अलग कर रहे हैं। 8 से 10 महीने बीत चुके हैं और बड़े स्तर पर जांच चल रही है। अलग-अलग देशों की टीमें और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी इसमें मदद कर रही हैं।

'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ किया

अमित शाह ने पुणे में एनएचईआरसी मल्टी स्टेट सहकारी संस्था का भूमिपूजन किया। 180 एकड़ में फैली यह इकाई चीनी मिल मशीनरी, सीबीजी और डेयरी संयंत्र बनाएगी, जिससे किसानों को गन्ने और दूध के हर उत्पाद का पूरा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र भारत को उत्पादन से लेकर उद्योग तक आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। साथ ही, पुणे में 'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ भी किया और सारथियों को शेयर प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। देश के अनेक शहरों में शुरू हो चुकी 'भारत टैक्सी' चालकों को सम्मान, स्वाभिमान के साथ यात्रियों को भरोसेमंद व सुरक्षित आवागमन दे रही है।

बंगाल में रतन शेख की मौत पर विवाद तेज

भाजपा ने कहा- अपराधियों को बख्शेंगे नहीं, कार्रवाई जारी रहेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस मुठभेड़ में रतन शेख की मौत के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। रतन शेख एक पुलिस कांस्टेबल पर गोली चलाने का मुख्य आरोपी था। सौएम सुवेंदु अधिकारी ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराया है, जबकि विपक्षी दलों ने मुठभेड़ की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अपराधियों को सजा देने का अधिकार अदालतों के पास होना चाहिए। सोमवार को बीरभूम के पुलिस अधीक्षक ने दोहराया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में रतन शेख के दो सहयोगियों रमेश लोहार और नूर हुसैन शेख को भी गिरफ्तार किया गया है। रतन शेख के खिलाफ 36 मामले दर्ज थे, जबकि उसके सहयोगी रमेश लोहार के खिलाफ 17 से 18 मामले दर्ज थे। इनमें लूटपाट और अवैध हथियारों से जुड़े मामले शामिल हैं।



सौएम सुवेंदु

फिलिबेक के बयान पर सियासी घमासान

भाजपा बोली- भारत विरोधी ताकतों को साथ ला रहे राहुल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा ने सोमवार को हैदराबाद में आयोजित भारत समिट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने इस कार्यक्रम के जरिए कथित भारत विरोधी ताकतों को मंच दिया और देश को बदनाम करने तथा अस्थिरता फैलाने की कोशिश की। प्रवक्ता गौरव भाटिया ने 14 नवंबर को हुए भारत समिट को 'एंटी इंडिया समिट' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत विरोधी ताकतों को एक साथ लाने में जुटे हैं। राहुल गांधी ऐसा कोई मंच नहीं छोड़ते, जहां से भारत को बदनाम करने, अव्यवस्था फैलाने और देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा सके। बता दें, यूरोपीय सोशलिस्ट्स पार्टी के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक ने मंच से 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगाया था। भाटिया ने कहा कि उन्हें कांग्रेस ने जानबूझकर यह अवसर उपलब्ध करवाया था।



गौरव भाटिया

21 करोड़ कीमत का घोड़ा 'गोल्डन किंग'



अजमेर। गुजरात के सूरत से पहुंचे मारवाड़ी नस्ल का घोड़ा गोल्डन किंग मेले के सबसे चर्चित आकर्षणों में शामिल है। इसके मालिक के मुताबिक इसकी कीमत 21 करोड़ रुपए है। पांच साल के इस घोड़े का रंग क्रिमिनो है। मालिक का दावा है कि देश में इस रंग का मारवाड़ी नस्ल का यह इकलौता घोड़ा है। इसकी ऊंचाई 65 इंच है। अब तक इससे छह बच्चे हो चुके हैं। इसकी ब्रीडिंग फीस करीब डेढ़ लाख रुपए ली जाती है। मालिक इसे खरीद-बिक्री के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ पुष्कर मेले में दिखाने के लिए लाए हैं। मेले में 800 किलो वजन का भैंसा 'छोटा सुल्तान' भी लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। दुनिया की सबसे छोटी नस्ल की गायों से लेकर यूरोप की शेटलैंड पोनी तक इस बार पुष्कर मेले में पशुओं की अनोखी दुनिया देखने को मिल रही है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी की पसंदीदा पुंगनूर गाय आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

किसान मोर्चा में ओम प्रकाश शुक्ला को बड़ी जिम्मेदारी, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने

मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख को मिला संगठन में अहम दायित्व कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की अवध क्षेत्र कार्यसमिति में मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला (विन्ध्येश्वरी) को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति तथा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी की संस्तुति के बाद घोषित कार्यसमिति में उनका नाम शामिल होने से कार्यकताओं में उत्साह का माहौल जिम्मेदारी मिलने की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज सहित अवध क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर समर्थकों और कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया तथा मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की करीब 36 वर्षों से भाजपा संगठन के लिए सक्रिय ओम प्रकाश शुक्ला ने वर्ष 1990 से पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया वही पूर्व में भाजपा लखनऊ के जिला उपाध्यक्ष, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके वर्तमान में वे मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख के रूप में विकास कार्यों और जनसेवा के लिए लगातार सक्रिय ब्लॉक प्रमुख के रूप में उन्होंने 78 ग्राम पंचायतों में सड़क इंटरलॉकिंग नाली आरसीसी रोड समेत अनेक विकास कार्य कराए किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही कार्यकताओं का कहना है कि संगठन के प्रति उनकी निष्ठा सादगी और किसानों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष को देखते हुए उन्हें मिली यह जिम्मेदारी किसान मोर्चा को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगी।

भांजे के तिलक में आए मामा की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात भांजे के तिलक समारोह कार्यक्रम में शामिल होने आए मामा की अचानक तबीयत बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा आनन फानन रिश्तेदार उसे नजदीकी सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बहेलिया निवासी रामचंद्र (53) रविवार शाम 8 बजे माल के सरसंडा गांव में भांजे अभिषेक के तिलक समारोह में शामिल होने आया था। वहां पहुंचते ही उसकी अचानक तबीयत बिगड़ने लगी देखते ही देखते वह सड़क के किनारे बनी एक नाली में औंधे मुँह गिर पड़ा हालत बिगड़ने पर रिश्तेदार उसे माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक रामचंद्र शराब का आदि था। पुलिस के मुताबिक घटना के समय भी उसने काफी मात्रा में शराब पी रखी थी। मृतक अपने गांव में टीवी, रेडियो पंखा की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता था। उसी से अपना भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी शादी के बाद ही उसे छोड़ कर चली गई थी। मृतक के परिवार में अन्य कोई सदस्य नहीं है, वह अकेला ही रहकर अपनी जिम्मेदारी उठाता था। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। प्रथम दृष्ट से शराब पीने से मौत का कारण लग रहा है।

लोन दिलाने का झांसा देकर कराया बैनामा, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में किसान को दो लाख रुपये का किसान लोन दिलाने का झांसा देकर उसकी चार गाटे की जमीन धोखाधड़ी से बैनामा कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि पांच लोगों ने साजिश के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसकी पूरी जमीन अपने नाम करा ली। विरोध करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। थाने और अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भिखारीखेड़ा गांव, मजरे गोपालपुर निवासी केदार के मुताबिक, 21 मई 2026 को छोटू निवासी मंगलापीरन उसके घर पहुंचा और दो लाख रुपये का किसान लोन दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद वह उसे अपनी कार से मलिहाबाद तहसील ले गया, जहां सादे कागजों पर अंगूठा लगवा लिया। आरोप है कि उसे बताया गया कि मामा दो दिन के भीतर खाते में लोन की रकम आ जाएगी। लेकिन खाते की जांच कराने पर उसमें कोई पैसा नहीं मिला। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान शिवशंकर निवासी मोहज्जीपुर, मूलचन्द्र वर्मा निवासी खगेश्वर खेड़ा, मोहित कुमार निवासी रनीपारा थाना माल और दरोगा निवासी सूतीर्खेड़ा थाना रहीमाबाद भी मौजूद थे। बाद में जानकारी हुई कि आरोपियों ने धोखाधड़ी कर उसकी चार गाटे की जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया है। यह बैनामा 21 मई को उपनिबंधक कार्यालय मलिहाबाद में कराया गया था। दस्तावेजों में जमीन के बदले चार लाख रुपये ऑनलाइन और 80 हजार रुपये नकद भुगतान दशार्या गया, जबकि पीड़ित का कहना है कि उसे कोई रकम नहीं मिली। आरोप है कि 29 मई को आरोपी उसके घर पहुंचे और जमीन के मामले में दोबारा बोलने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने सात अगस्त को रहीमाबाद थाने में शिकायत की। इसके अलावा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि शिकायत वापस लेने के लिए उस पर दबाव भी बनाया गया। पीड़ित ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त समेत कई अधिकारियों को भी शिकायती पत्र भेजे, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। 6 महीने बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और धमकी देने समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय लोकआस्था के महापर्व छठ का समापन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। घर-परिवार में सुख-शांति, संतान की लम्बी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना से सोमवार को सुबह उदीयमान (उगते) सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। इसके बाद पिछले 36 से 40 घंटों तक निर्जला उपवास रखने वाले व्रतियों ने भगवान भाष्कर को अर्पित किए गए फलों-पकवानों आदि को प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर पारण किया। इसके बाद प्रेमपूर्वक प्रसाद का वितरण घर-परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों, पड़ोसियों आदि के बीच किया गया। इस पर्व की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें व्रत रखने वालों के साथ पड़ोसी और मित्र भी पूर्ण सहयोग की भावना से उपस्थित रहते हैं। पिछले कई वर्षों से अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ धूमधाम से छठ महापर्व को मनाने वाली विभा शर्मा बताती हैं कि इस महापर्व के चौथे दिन यानि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने का विधान है। घर-परिवार के सभी लोग स्नान-ध्यान कर खुशी-खुशी नदी तटों, जलाशयों या अन्य बनाये गए विशेष पूजा स्थलों पर पहुँचते हैं। व्रती जल के मध्य पूर्व दिशा में मुख कर खड़े होकर सूर्य देव के उदय होने का इन्तजार करते हैं और सूर्य दर्शन के बाद उन्हें हर मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना के साथ अर्घ्य दिया जाता है। इस दौरान बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं के चेहरे पर खुशी की अद्भुत छटा देखी जा सकती है। महापर्व के इन चार दिनों के दौरान व्रत-पूजन करने वालों के साथ ही पड़ोसियों और मित्रों में भी एक गजब की खुशी और उत्साह देखने को मिलता है, खुशहाली के इन्हीं पलों को समेटकर फिर अगले साल के छठ महापर्व का इन्तजार शुरू हो जाता है। इस महापर्व पर पूजा-अर्चना में पवित्रता को खास महत्व दिया जाता है। इस दौरान लहसुन, प्याज आदि वर्जित होता है। इस महापर्व पर पारम्परिक लोकगीतों और भक्ति गीतों का भी श्रवण किया जाता है। इसके साथ ही इस महापर्व पर विभिन्न नदियों के तटों, घाटों पर सूर्य अर्घ्य व पूजन के लिए उमड़ने वाला जनसैलाब सामूहिक एकता का भी जीता-जागता उदाहरण है। विभा शर्मा पूजा सम्पन्न होने के बाद भाव विह्वल हो बताती हैं कि कैसे अब बेसब्री से अगले वर्ष की पूजा का इंतजार करेंगी। साथ ही उन्होंने दीपा, किरण, शिवानी, सृष्टि, सोनल, भावना, सुनील, शिवम, निमेष, नवीन एवम् अन्य भक्तों का धन्यवाद किया जिन्होंने तन- मन से इस महापर्व में सहयोग देकर इसे सफल बनाने में योगदान दिया। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मनाया जाने वाला यह महापर्व आज प्रवासी भारतीयों द्वारा पूरे विश्व में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। छठ महापर्व सूर्यदेव की खास आराधना का पर्व है, जो कि दृढ इच्छाशक्ति, पवित्रता, शुचिता और विश्वास से युक्त होता है। देवी-देवताओं में भगवान भाष्कर ऐसे देवता हैं, जो कि मूर्त रूप में देदीप्यमान हैं, जिन्हें ऊर्जा का स्रोत भी माना जाता है। यह भी माना जाता है कि सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत उनकी पत्नी उषा और प्रत्यूषा हैं। इसीलिए छठ में सूर्य देव के साथ ही दोनों शक्तियों की भी संयुक्त आराधना होती है। उगते सूर्य की पहली किरण (उषा) और अस्ताचलगामी सूर्य देव की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्घ्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। इसके अलावा प्रकृति की देवी यानि सूर्यदेव की बहन छठी मैया का भी विधि-विधान से पूजन किया जाता है।

यूजीसी प्रावधानों पर सरकार घिरी, 28 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने यूजीसी के विवादित प्रावधानों को लेकर सरकार पर हमला तेज करते हुए दावा किया कि संगठन के आंदोलन और सुप्रीम कोर्ट में चल रही कानूनी लड़ाई के बाद सरकार को इन्हें वापस लेना ही पड़ेगा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. कुंवर हरिवंश सिंह ने कहा कि मामले की अगली अहम सुनवाई 28 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ के समक्ष होगी सोमवार को जोपलिंग रोड स्थित महासभा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ.हरिवंश सिंह ने कहा कि प्रस्तावित यूजीसी प्रावधानों के विरोध में देशभर में 107 कार्यक्रम आयोजित किए गए उनका दावा कि इन प्रावधानों को लेकर सामान्य वर्ग में व्यापक असंतोष और संगठन विद्यार्थियों के समान अवसर व निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.एपी सिंह ने बताया कि महासभा की ओर से दायर याचिका पर न्यायालय ने संबंधित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाई थी उन्होंने दावा किया कि पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने विवादित प्रावधान वापस लेने की बात कही थी जिसके बाद उन्हें यूजीसी की वेबसाइट से भी हटा दिया गया हालांकि अंतिम फैसला अब न्यायालय की आगामी सुनवाई और सरकार के औपचारिक रुख पर निर्भर करेगा वही डॉ.एपी सिंह ने कहा कि यह किसी एक समाज की नहीं बल्कि शिक्षा में समान अवसर और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने की लड़ाई उन्होंने कहा कि यदि समय रहते न्यायालय का दरवाजा नहीं खटखटाया जाता तो हजारों विद्यार्थियों के हित प्रभावित हो सकते थे महासभा ने न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि उसे 28 नवंबर की सुनवाई से न्याय मिलने की पूरी उम्मीद। वही प्रेसवार्ता में महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू, राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य यशपाल सिंह, पारस चौहान, राहुल, प्रदेश आईटी सेल प्रमुख विजय प्रताप सिंह ,अधिवक्ता एच.एन.सिंह, डॉ.प्रत्यूष सिंह ,रूप सिंह चौहान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

परिवार पर जानलेवा हमला, मां-बेटे समेत चार घायल

पांच नामजद पर मुकदमा, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के रानीखेड़ा डेहवा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया हमले में मां-बेटे समेत चार लोग घायल हो गए मां और बेटे के सिर में गंभीर चोटें आने के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी पीड़ित संदीप यादव की तहरीर के अनुसार 13 नवंबर की सुबह करीब सात बजे रामेश्वर उसके पुत्र लवकुश व रोहित यादव सुमन और पुष्पा निवासी गहरू थाना सरोजनीनगर एकराय होकर उनके घर पहुंचे और उनकी मां रामजानकी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया मां को बचाने पहुंचे संदीप यादव उनके भाई आजाद यादव और बहन नेहा के साथ भी मारपीट की गई हमले में रामजानकी गंभीर रूप से घायल हो गईं जबकि संदीप यादव के सिर में गंभीर चोट आई नेहा के हाथ और पैर में भी चोटें आईं प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

रमजान नगर में रुई-रजाई की दुकान बनी आग का गोला, कार-स्कूटी समेत लाखों का सामान राख

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग स्थित रमजान नगर में सोमवार दोपहर रुई-रजाई की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा रुई, रजाई, गद्दे समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आकर पास खड़ी एक कार और स्कूटी भी जल गईं। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मूलरूप से गोंडा के कटरा बाजार निवासी इब्राहिम पुत्र मकबूल रमजान नगर में किराये पर रहकर सड़क किनारे झोपड़ी डालकर रजाई-गद्दे की दुकान चलाते हैं। सोमवार दोपहर अचानक दुकान में आग लग गई। रुई और गद्दों के कारण आग तेजी से फैल गई। दुकान के पास ही बच्चों का स्कूल और होटल भी मौजूद हैं। गनीमत रही कि आग वहां तक नहीं पहुंची। इस दौरान दुकान में रखा घरेलू गैस सिलेंडर भी समय रहते बाहर निकाल लिया गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचना दी। हालांकि दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटनास्थल से फायर स्टेशन की दूरी करीब पांच किलोमीटर होने के बावजूद दमकल की गाड़ी आग बुझने के बाद पहुंची। अग्निकांड में इब्राहिम की दुकान का पूरा सामान जल गया। वहीं सुल्तानपुर के बल्दीराय निवासी फहजान की यूपी-32-एमके-7483 नंबर की कार और एक स्कूटी भी आग की भेंट चढ़ गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही पार्षद प्रतिनिधि संजीव अवस्थी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क किनारे संचालित इन दुकानों और अतिक्रमण को लेकर कई बार नगर निगम और आवास विकास को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में इस तरह के अतिक्रमण से आम लोगों की जान को खतरा बना रहता है और भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

योगी सरकार का एआई मिशन युवाओं को सशक्त बनाएगा, नागरिकों का जीवन बनाएगा बेहतर : डॉ. राजेश्वर सिंह

रोजगार, जनसेवाओं और तकनीकी विकास को गति देंगी मिशन की छह प्रमुख पहलें

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन (यूपी -ए आई एम) को मिशन मोड में लागू करने का निर्णय प्रदेश के तकनीकी एवं आर्थिक भविष्य को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का स्वागत करते हुए डॉ0. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किया गया यह मिशन युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ आम नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम बनाने और सरकारी सेवाओं को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उत्तर प्रदेश में एक व्यापक एआई इकोसिस्टम विकसित करने की अपनी पूर्व पहल का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि 19 मई 2025 को उन्होंने प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर एक समर्पित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आयोग के गठन का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव में एआई के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग, सुशासन, अनुसंधान एवं नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की गई थी।राजेश्वर सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की कि उनके द्वारा प्रस्तुत व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप कई महत्वपूर्ण पहल अब उत्तर प्रदेश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन में सम्मिलित की गई हैं। इस मिशन से संबंधित शासनादेश 21 अक्टूबर 2026 को जारी किया गया।मिशन की छह प्रमुख पहलों और उनसे प्रदेश के नागरिकों को होने वाले संभावित लाभों को रेखांकित करते हुए सिंह ने कहाः 1. एआई इंफ्रास्ट्रक्चर झ 62 आईटीआई में एआई डेटा लैब प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआईस) में एआई डेटा लैब की स्थापना से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे युवाओं में उद्योगों की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी कौशल विकसित होंगे और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।

भूजल दोहन दर को कम करने की जरूरत : अनुराग

नगरीय जल सुरक्षा एवं भूजल प्रबंधन पर कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग द्वारा नगरीय जल सुरक्षा एवं भूजल प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य तेजी से बढ़ते शहरीकरण, जल की बढ़ती मांग, वर्षा के बदलते स्वरूप तथा भूजल संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बीच नगरीय क्षेत्रों के लिए सतत जल प्रबंधन की रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) अमित कुमार सिंह, पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, केन्द्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक अनादी गायन सहित विभिन्न विभागों, तकनीकी संस्थानों एवं विशेषज्ञ संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यशाला का आयोजन भूगर्भ जल विभाग के निदेशक डॉ. राजेश कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यशाला में कृषि उत्पादन आयुक्त/अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि नगरीय जल सुरक्षा केवल जलापूर्ति अथवा भूजल विभाग तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह नगर नियोजन, भवन निर्माण, जल निकासी, सीवरेज, पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने विभागों के बीच समन्वय, विश्वसनीय आंकड़ों पर आधारित निर्णय, जल बजट एवं मांग प्रबंधन तथा स्पष्ट प्रदर्शन संकेतकों के माध्यम से जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने लखनऊ की भूजल स्थिति का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2025 में लखनऊ नगरीय क्षेत्र की भूजल दोहन दर 128.03 प्रतिशत आकलित की गई, जबकि वर्ष 2020 में यह 142.5 प्रतिशत थी। दोहन दर में कमी के बावजूद इसका 100 प्रतिशत से अधिक बने रहना सतत प्रयासों की आवश्यकता को दर्शाता है।

प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) अमित कुमार सिंह द्वारा जलस्तर, भूजल गुणवत्ता, निकासी, वर्षा, सतही अपवाह और पुनर्भरण की नियमित एवं अधिक सूक्ष्म निगरानी तथा उच्छफ, पीजोमीटर और डिजिटल प्रणालियों के उपयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया। पद्म उमा शंकर पांडेय ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जन सहभागिता को बढ़ावा देना जरूरी है' उन्होंने बताया कि जल संरक्षण शिक्षा में शामिल होना चाहिए. इसके लिए देश में जल विश्व विद्यालयों और जल संग्राहलयों को शुरू किया जाना चाहिए। कार्यशाला में पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, बी.बी.ए.यू. के प्रोफेसर वेंकटेश दत्ता, प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सक्सेना, एबादुर रहमान ने नगरीय क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण के वैज्ञानिक उपायों पर प्रस्तुतीकरण दिया।

जनजातीय विरासत सहेजने संग समाज का उत्थान सरकार का संकल्प : सीएम धामी

आदि गौरव महोत्सव उत्तराखण्ड-2026 में मुख्यमंत्री ने जनजातीय संस्कृति व भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को किया नमन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। देहरादून-उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक समृद्धि में जनजातीय समुदायों की परंपराओं, लोककलाओं और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली का विशिष्ट स्थान है। इन समुदायों ने अपने पारंपरिक ज्ञान, रीति-रिवाजों और कला-कौशल के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विरासत को विशिष्ट पहचान दी है। इस अमूल्य धरोहर को अक्षुण्ण रखते हुए जनजातीय समाज को शिक्षा, रोजगार और विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है।

जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य जनजातीय शोध संस्थान (टीआरआई), उत्तराखण्ड की ओर से आयोजित ह्यआदि गौरव महोत्सव उत्तराखण्ड-2026 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनजातीय समाज की अस्मिता, परंपराओं और अधिकारों का सम्मान करते हुए उनके विकास के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके क्रांतिकारी जीवन, संघर्ष और बलिदान को याद किया। साथ ही प्रदेशवासियों और जनजातीय समुदायों को गौरव दिवस की बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के अन्याय और शोषण के विरुद्ध उलगुलान का नेतृत्व कर जनजातीय समाज को अपने अधिकारों के लिए संगठित किया। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उनका संघर्ष देश के स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनका साहस, स्वाभिमान और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा का संकल्प आज भी समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है।

महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री ने जनजातीय संस्कृति और हस्तकला पर आधारित प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न समुदायों के पारंपरिक उत्पादों, हस्तनिर्मित वस्तुओं और कलात्मक कार्यों को देखा तथा इनके निर्माण से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जनजातीय हस्तशिल्प में केवल कलात्मक कौशल ही नहीं, बल्कि सदियों से विकसित सामुदायिक अनुभव और सांस्कृतिक परंपराएं भी प्रतिबिंबित होती हैं। ऐसे आयोजनों से स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने और शिल्पकारों के लिए बाजार के नए अवसर विकसित करने में मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत उत्तराखण्ड के 128 जनजातीय गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आजीविका और रोजगार के साधनों को विस्तार देने पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की प्रगति का आकलन केवल आर्थिक उन्नति से नहीं, बल्कि उसकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं के संरक्षण से भी किया जाना चाहिए। इसी दृष्टिकोण के तहत प्रदेश में जनजातीय सांस्कृतिक, खेल और विज्ञान महोत्सवों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि समुदाय के युवाओं को अपनी क्षमताएं सामने लाने तथा पारंपरिक ज्ञान और विरासत को आगे बढ़ाने का मंच मिल सके। राज्य जनजातीय शोध संस्थान की गतिविधियों और कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने के लिए एक करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड भी उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदायों को सम्मानजनक जीवन, अधिकारों की सुरक्षा और प्रगति के समान अवसर उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, मेयर सौरभ थपलियाल, सचिव श्रीधर बाबू अदाकी सहित जनजातीय समाज के प्रतिनिधि, विभिन्न समुदायों के सदस्य, हस्तशिल्पी, स्थानीय उत्पादों से जुड़े उद्यमी तथा राज्य जनजातीय शोध संस्थान एवं जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

संक्षेप

किशोरी हुई लापता दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी नाबालिक पुत्री आयु लगभग 17 वर्ष 14 नवंबर को देर शाम रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने पर पता लगाया तब पता चला कि घंटू पुत्र लल्लू मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

अनियंत्रित ई रिक्शा पलटा किशोरी घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर छुट्टा मवेशी से बचने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे इलाज के लिए मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव आसीवन तरफ सिद्धनाथ निवासी राकेश की 17 वर्षीय पुत्री काजल सोमवार की सुबह अन्य लोगों के साथ कुल्हा गांव स्थित खेत में धान की फसल काटने ई-रिक्शा से जा रही थी तभी लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर स्थित गांव मुशीराबाद के पास अचानक ई-रिक्शा के सामने छुट्टा मवेशी आ गया जिससे बचने के प्रयास में ई-रिक्शा चालक ने ई-रिक्शा मोड़ा जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे काजल गंभीर रूप से घायल हो गयी परिजनों ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

एडीएम (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड का तबादला, राजेश कुमार मिश्रा होंगे नए एडीएम

उन्नाव। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड का तबादला कर दिया गया है। उन्हें उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर भेजा गया है। उनकी जगह अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार मिश्रा उन्नाव के नए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) होंगे।शासन ने रविवार रात करीब 11:30 बजे तबादला सूची जारी की। राजेश कुमार मिश्रा अभी तक अयोध्या विकास प्राधिकरण में सचिव के पद पर तैनात थे।सुशील कुमार गोंड करीब दो साल तक उन्नाव में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने राजस्व से जुड़े मामलों और सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के अभियान में अहम भूमिका निभाई। तहसील स्तर पर तालाब, खलिहान और अन्य सरकारी संपत्तियों पर किए गए कब्जों को चिह्नित कर उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए भी कई प्रयास किए गए।अब सुशील कुमार गोंड को निर्वाचन विभाग में नई जिम्मेदारी दी गई है, वहीं राजेश कुमार मिश्रा के कार्यभार संभालने के बाद राजस्व प्रशासन के कामकाज, लंबित मामलों के निस्तारण और सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के अभियान को आगे बढ़ाना उनके सामने प्रमुख जिम्मेदारी होगी।

दबदबा था दबदबा है दबदबा रहेगा -बृजभूषण शरण सिंह

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के रिसालखेरा में भटखेरवा निवासी संदीप सिंह के द्वारा बनवाये गए राम लखन राघव रिसोर्ट के शुभारंभ में पहुँचे लोकसभा सदस्य व सांसदपति बृजभूषण शरण सिंह ने अपने भावुक और ओजस्वी संबोधन में उन्होंने अपनी जड़ों को याद करते हुए कहा कि उनके पूर्वज पुरवा तहसील के रंजीत पुरवा से ही विश्नोहरपुर (गोंडा) गए थे, इसलिए बैसवारा की धरती उनके लिए अपनी जन्मभूमि से भी अधिक प्रिय है।

?सिंह ने समाज में खेती-किसानी और पशुपालन को लेकर बदलती मानसिकता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भविष्य में धन-दौलत और महल तो सबके पास हो सकते हैं, लेकिन खेती हर किसी के पास नहीं बचेगी। उन्होंने युवाओं और किसानों से अपील की कि वे खेत जाने या गाय-भैंस की सेवा करने में शर्म महसूस न करें, बल्कि इस पर गर्व करें। उन्होंने अपने बचपन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे वे स्वयं सुबह उठकर गाय चराते थे और दूध निकालने के बाद कॉलेज पढ़ने जाते थे।

?युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने 'सच्ची दोस्ती' की नई परिभाषा दी। उन्होंने कहा कि दोस्ती किसी बुरे व्यक्ति के बजाय अच्छी किताबों, प्रेरणादायक कविताओं और कामयाब लोगों से करनी चाहिए। नशे के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में 51,000 रुपये के इनाम की घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी शराबी पहली बार शराब अपने पैसों से नहीं खरीदता, बल्कि उसे दोस्तों या रिश्तेदारों की गलत संगत ही इस दलदल में धकेलती है।

?बढ़ते वायु प्रदूषण (अदक स्तर 330 के पार जाने) और मौसम की खराबी का जिक्र करते हुए उन्होंने पराली जलाने की प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से हवा जहरीली हो रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने लोगों से प्रशासन के भरोसे रहने के बजाय स्वयं जागरूक होकर पर्यावरण और अपनी आने वाली पीढ़ियों को बचाने का आह्वान किया।

?साल 2023 में अपने खिलाफ हुए आंदोलनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में वही व्यक्ति सफल होता है जो विचलित हुए बिना 'फ्रंटफुट' पर खेलता है। जातिगत भेदभाव और सोशल मीडिया पर बढ़ती गाली-गलौज की संस्कृति की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि समाज को बांटने के बजाय सभी को अपने इतिहास और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने आगामी जनवरी महीने में अपने पैतृक क्षेत्र में आयोजित होने वाली भव्य 'राष्ट्र कथा' के लिए बैसवारा के समस्त निवासियों और विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया और कहा कि सभी के रहने और भोजन की पूरी व्यवस्था उनके द्वारा की जाएगी।

अपने उद्बबोधन में उन्होने राजाराव राम बक्स ,राणा बेनी माधव आदि का नाम लिया। तुलसीदास की पंक्तियां सकल पदारथ है जग माही के साथ हनुमान चालीसा के महत्व के बारे में भी बताया।

विशिष्ट अतिथि अंतरांजय सिंह उर्फ गोल्डी राजा ने सभी अतिथियों का आभार ब्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र सिंह छोटू ने किया व आल्हा गायक नैना देवी उन्नाव के द्वारा शानदार आल्हा गायन व लोक गीतों की प्रस्तुति की गई।इस मौके पर अरविंद त्रिपाठी,पुष्पेंद्र प्रताप सिंह,उत्तम चंद्र लोधी, अमितेश सिंह नंदू, ओम प्रकाश यादव, संतोष शुक्ला,भोले सिंह,प्रकाश सिंह,डॉ बृजेन्द्र सिंह,ज्ञान सिंह, मुकेश सिंह,अंबुज सिंह,योगेश मिश्रा,फुन्नी त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

रिजॉर्ट के ठीक सामने बने हेलीपैड में हैलीकॉप्टर देखने सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि थाना बारासगवर,बिहार व बीघापुर सहित अन्य पुलिस बल मुस्तैद रहा।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। रविवार रात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार धर्मपाल निषाद की मौत हो गई। हादसा परियर पुलिस चौकी के सामने हुआ। मामला सफीपुर कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, धर्मपाल निषाद मरौदा मझवारा के रहने वाले थे। रविवार रात करीब 9 बजे वह बाइक से जा रहे थे, तभी परियर पुलिस चौकी के सामने ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि हादसे की सूचना परिजनों को दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

थाना पुलिस ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव।पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौरावां पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आज दिनांक 16.11.2026 को निरीक्षक नजर इमाम, उ0नि0 संजीव कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरवा द्वारा निर्गत वारण्ट से सम्बन्धित 03 वारण्टी अभियुक्तों 01. शहीद पुत्र स्व0 अब्दुल मजीत निवासी मो0 काजीगढ़ी कस्बा व थाना मौरावां जनपद उन्नाव, 02. पुत्तीलाल पुत्र स्व0 रामदास निवासी ग्राम बल्दी खेड़ा मजरा अकोहरी थाना मौरावां जनपद उन्नाव, 03. राधेश्याम पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम कुटी खेड़ा थाना मौरावां जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक नजर इमाम, उ0नि0 संजीव कुमार तोमर, उ0नि0 अजय यादव, आरक्षी विजेन्द्र सिंह, आरक्षी आयुष अहिरवार, आरक्षी विनोद कुमार, आरक्षी उपेन्द्र सिंह, आरक्षी राजकुमार शामिल रहे।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पूजा संपन्न, गंगा घाटों पर उमड़ी आस्था

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज में सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा पूरी हुई। तड़के चार बजे से ही गंगा के घाटों पर श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो गया।

महिलाएं पूजा की डाली लेकर परिवार के साथ घाट पहुंचीं। आनंद घाट, मोनू घाट, बालू घाट, नमामि गंगे घाट, मिश्रा कॉलोनी घाट और पुराने यातायात पुल के नीचे बने घाट पर भारी भीड़ रही।

सूर्य की पहली किरण गंगा के पानी पर पड़ते ही व्रती महिलाओं ने जल में खड़े होकर अर्घ्य दिया। इस दौरान 'जय छठी मइया' और 'सूर्य भगवान की जय' के नारों से घाट गूंज उठे। पूजा के साथ ही व्रतियों ने अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा किया।

घाटों पर महिलाएं 'कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए' और 'ऊ जे मरबो रे सुगवा धनुष से' जैसे पारंपरिक छठ गीत गाती रहीं, वहीं युवाओं ने भोजपुरी भक्ति गीतों पर नाचकर पूजा में हिस्सा लिया।

पूजा के बाद घाटों पर दीपदान और आतिशबाजी हुई। बालू घाट, नमामि गंगे घाट और मिश्रा कॉलोनी घाट पर विशेष सजावट और रोशनी की गई थी। श्रद्धालुओं ने ठेकुआ, केला, नारियल, सेब, अमरूद, शरीफा, नींबू और अनार से भरी डाली सूर्य को अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए छठी मइया से प्रार्थना की।

चाकू के हमले से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज शराब पीने के दौरान हुए विवाद में पेट में चाकू भोंक देने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। घटना 14 नंबर शाम की है। अचलगंज थाना क्षेत्र के गंगा कटरी के तिघरा गांव निवासी छोटेलाल का 18 वर्षीय लड़का सरवन शनिवार शाम 14 नवंबर को हड़हा बाजार स्थित देशी शराब की दुकान से शराब खरीद बाजार परिसर में पी रहा था इसी दौरान उसी गांव के दो अन्य युवक भी शराब पी रहे थे किसी बात को लेकर तीनों के बीच विवाद हो गया था।जिससे एक युवक ने सरवन के पेट चाकू मार दी थी। खून अधिक निकलने से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल से हैलट रेफर कर दिया था. ।जहाँ रविवार की रात उसकी मौत हो गयी। मृतक दो भाइयो मे बड़ा था अभी शादी नहीं हुई थी छोटेलाल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के सुनील व चंदन केखिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्टदर्ज कर ली थी। . आरोपियों मे सुनील पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है।

महान वीरांगना ऊदा देवी पासी का शहादत दिवस श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम धूरधर खेड़ा में आज देश की महान वीरांगना ऊदा देवी पासी का शहादत दिवस श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वीरांगना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया कार्यक्रम की शुरूआत वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। इसके बाद गोपाल पासी ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगना के अतुलनीय साहस, बलिदान और अंग्रेजों के खिलाफ उनके संघर्ष के बारे में विस्तार से चर्चा की। दीपक वर्मा ने बताया कि ऊदा देवी पासी ने लखनऊ के सिकंदर बाग में पीपल के पेड़ पर चढ़कर अंग्रेजी सेना का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने 32 से अधिक अंग्रेज सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। अंत में अंग्रेजों ने उन्हें घेरकर शहीद कर दिया, लेकिन उनका साहस आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। वीरगाथा सुनकर वहां मौजूद लोग भावुक हो गए और पूरा माहौल देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।इस अवसर पर सुरेन्द्र राजवंशी, रमेश पासी, प्रधान बादामी, नन्दा, श्रीपाल, जय शंकर, समर पासी, रजौल और मनसुख सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वीरांगना के बताए राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने और समाज में एकता, शिक्षा और समानता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

युवा भाजपा नेता के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा ताता



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। युवा भाजपा नेता व प्रशासक जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुत्र के जन्म दिन पर बधाई देने वालों का लगा ताता जो देर रात उनके निजी आवास पर चलता रहा आए हुए सभी शुभ चिंतकों का युवा भाजपा नेता ने तहे दिल से आभार व्यक्त किया प्रशासक जिला पंचायत अध्यक्ष उन्नाव शकुन सिंह के प्रतिनिधि व पुत्र युवा भाजपा नेता शशांक शेखर उर्फ शनि सिंह के जन्मदिन पर उनके निजी आवास आशियाना लखनऊ में बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा आए हुए शुभ चिंतकों ने बधाई देने के साथ साथ शनि भैया जिंदाबाद के नारे लगाए वही जनपद उन्नाव से पहुंचे मनीष सिंह राजू श्रीवास्तव नरेंद्र सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी आए हुए सभी शुभ चिंतकों का युवा भाजपा नेता ने दिल से आभार व्यक्त किया।

नहि दरिद्र सम दुख जग माही ,सन्त मिलन सम सुख जग नाही

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबामन्दिर प्रांगड़ में चल रहे ग्यारहवे हनुमत रुद्र महायज्ञ के पांचवे दिन यज्ञ शाला में आचार्यो द्वारा रुद्राभिषेक किया गया , रुद्राभिषेक में यजमानों सहित क्षेत्र के अन्य लोगो ने भाग लिया ।वही मानस वेदांत सन्त सम्मेलन के अंतर्गत चल रही रामकथा के पांचवे दिन चित्रकूट से आये आचार्य ज्ञानेश जी ने भगवत प्रेमियों के रामचरित मानस के कई प्रसंग सुनाए उन्हों ने बताया कि इस संसार मे गरीबी या दरिद्रता से बढ़ कर कोई दूसरा दुख नही है और सन्तो का संग करने व दर्शन मिलने के समान संसार मे कोई दूसरा बड़ा सुख नही है ,मन ,वचन ,कर्म से दूसरों का भला करना ये सन्तो का स्वभाव होता है ,कथा में उन्होंने ईश्वर के साकार और निराकार होने के अर्थ बताए , उन्होंने कहा कि पग बिनु ,चलहि , सुनहि बिनु काना अर्थात ईश्वर बिना पैरों के चलते है ,बिना कानो के सुनते है आनन रहित सकल रस भोगी , ईश्वर के मुह नही है लेकिन इस लौकिक संसार के सभी रसों का भोग करते है ,यही निराकार ईश्वर की परिभाषा है । रामकथा के दौरान विधानसभा प्रभारी रामकुमार पांडेय , जय शंकर मिश्र , भानु , रौनक दुबेदी , आशीष पांडेय , मोनू शुक्ल , आशीष अवस्थी , प्रदीप मिश्र श्रीकांत तिवारी , विकाश , शिवा , सहित सैकड़ों क्षेत्र वासी उपस्थित रहे ।

श्री कृष्ण लीला महोत्सव को देखने

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित 74वें श्री कृष्ण लीला महोत्सव में वृंदावन से पधारे श्री वृंदावन राम कृष्ण लीला संस्थान के संस्थापक स्वामी लेखराज शर्मा लेखू बाबा एवं संचालक नंदकिशोर शर्मा के सानिध्य में चल रही 9 दिवसीय रासलीला के चतुर्थ दिवस में चंद्रहास लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। लीला की शुरूआत में कुंदन जायसवाल सुपुत्र सूर्य प्रकाश जायसवाल अन्ना के द्वारा राधा-कृष्ण का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी गई एवं सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला के संरक्षक सुधीर कुमार मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। लीला में दिखाया गया कि चंद्रहास ने भक्ति के बल पर किस प्रकार संकटों पर विजय प्राप्त की। कलयुग में किसकी क्षमता ज्यादा है, शनि की या लक्ष्मी की, इसी विषय को लेकर यह लीला मंचित की गई। अपने-अपने को श्रेष्ठ साबित करने के लिए शनि देव और देवी लक्ष्मी कुंतल नरेश के दरबार में गए। वहां शनि देव ब्राह्मण के रूप में और देवी लक्ष्मी ब्राह्मणी के रूप में रहने लगे। शनि देव कुंतल नरेश को बर्बाद करने के लिए तैयार रहे और लक्ष्मी देवी उन्हें आबाद करने के लिए तैयार रहीं। शनि देव ने कुंतल नरेश के सारे परिवार का नाश कर दिया, लेकिन मां लक्ष्मी की कृपा से उनके पुत्र चंद्रहास बचे रहे। अंत में भक्त चंद्रहास के द्वारा देवी लक्ष्मी की जीत हुई और शनि देव की पराजय हुई। शनि देव ने अपनी पराजय स्वीकार की और देवी लक्ष्मी की जय-जयकार की। इस दृश्य पर पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने लीला के मंचन को खूब सराहा।

किराये के कमरे में रह रही फंदे से लटका मिला शव जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र अकरमपुर में रविवार देर रात करीब 11 बजे किराये के कमरे में 21 साल की युवती का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतका की पहचान तसीबुन निशा 21 वर्ष पुत्री रियासत अली, निवासी हेमछापर, थाना पनियरा, जिला महराजगंज के रूप में हुई है। वह अकरमपुर में सभासद शिवकुमारी गुप्ता के मकान में किराये पर रहती थी और एसीआई कपड़ा फैक्ट्री में काम करती थी।

जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे डायल 112 पर कमरे में युवती द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली। इसके बाद डायल 112 पीआरवी और सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की और परिजनों को सूचना दी।

फिलहाल युवती ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। कमरे से कोई सुसाइड नोट मिलने की जानकारी सामने नहीं आई है।

मगरवारा चौकी इंचार्ज रवि पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि घटना के समय कमरे में कोई और मौजूद था या नहीं।

पीड़ित परिवारों से मिले सपा नेता सीएल यादव कृष्णा, निष्पक्ष जाँच एवं न्याय की माँग की

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर में समाजवादी पार्टी के नेता सीएल यादव कृष्णा ने भाजपा विधायक अनिल सिंह द्वारा बदले की भावना से यादव समाज के लोगों के घर गिरवाए जाने के आरोपों से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों का दुख-दर्द सुना और उनके साथ हुई घटनाओं की जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान प्रभावित परिवारों ने अपने सामने आई परेशानियों और कठिन परिस्थितियों को साझा किया। सीएल यादव कृष्णा ने परिवारों को भरोसा दिलाया कि उनके साथ हुए मामले को संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से माँग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जाँच कराई जाए, ताकि वास्तविक तथ्यों का पता चल सके। यदि जाँच में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों के विरुद्ध कार्रवाई सामने आती है, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रभावित परिवारों को उचित न्याय एवं राहत प्रदान की जाए। सीएल यादव कृष्णा ने कहा कि किसी भी नागरिक या परिवार के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं होना चाहिए, कानून और संविधान के दायरे में सभी को समान अधिकार प्राप्त हैं और किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। पीड़ित परिवारों की आवाज को मजबूती से उठाना और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रयास करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रभावित परिवारों को न्याय मिलने तक इस मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाता रहेगा। प्रशासन को इस प्रकरण में संवेदनशीलता के साथ निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. सुशील कुमार, बीडीसी वीरभान जी, रतिभान यादव, इंजी. अभिषेक सिंह, शुभम कुमार, योगेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

घर के भेदियों पर रखनी होगी नजर



पड़ोस

ओमकार चौधरी

1971 में बांग्लादेश को स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए भारत ने सैनिकों का बलिदान दिया, करीब एक करोड़ शरणार्थियों का बोझ उठाया व अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना किया था। लेकिन आज उसी बांग्लादेश के साथ रिश्ते अविश्वास और तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। शेख हसीना की सत्ता से विदाई, उनका भारत में रहना, प्रत्यर्पण की मांग और बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों का बढ़ता प्रभाव द्विपक्षीय संबंधों को नई चुनौती दे रहे हैं। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी तल्खी कम नहीं हुई है। ऐसे में सवाल है कि क्या बांग्लादेश अपनी घरेलू राजनीति में भारत विरोध को हथियार बनाने से बाज आएगा? क्या दोनों देश ऐतिहासिक रिश्तों और साझा हितों को प्राथमिकता देकर अविश्वास की खाई पाट पाएंगे?

देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रखना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी अपने सुरक्षा तंत्र के भीतर मौजूद कमजोर कड़ियों को पहचानना भी है। युद्ध और जासूसी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब दुश्मन केवल सीमाओं पर घुसपैठ या सैन्य टकराव के जरिये चुनौती नहीं दे रहा, बल्कि वह हमारे ही लोगों को लालच, प्रलोभन और ब्लैकमेल के जाल में फंसाकर देश की संवेदनशील सूचनाएं हासिल करने की कोशिश कर रहा है। एयरफोर्स चीफ आशुतोष दीक्षित की चेतावनी इसी गंभीर चुनौती की ओर ध्यान खींचती है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि विदेशी जासूसी नेटवर्क अब हनी ट्रैप तक सीमित नहीं हैं। साइबर हमलों और दूसरे तरीकों से भी रक्षा क्षेत्र की गोपनीय जानकारियां जुटाई जा रही हैं। चिंता की बात यह है कि जासूसी के इस खेल में दुश्मन सोशल मीडिया पर दोस्ती और प्रेम संबंधों का सहारा लेने के साथ आर्थिक मजबूरियों को भी हथियार बना रहा है। मल्टीलेवल मार्केटिंग और कर्ज के जाल में फंसाकर लोगों से गोपनीय सूचनाएं हासिल करने की कोशिशें हो रही हैं। इस साल हनी ट्रैप के चार मामले सामने आना बताता है कि खतरा केवल आशंका नहीं, बल्कि वास्तविक चुनौती बन चुका है। इन मामलों में नौसेना के दो जवान, वायुसेना का एक विंग कमांडर और एक पूर्व सैनिक शामिल होना इस बात का संकेत है कि कोई भी व्यक्ति इस तरह के जाल का निशाना बन सकता है। सुरक्षा तंत्र में शामिल किसी व्यक्ति की एक छोटी-सी चूक भी दुश्मन के लिए बड़ी कामयाबी बन सकती है। सैन्य ठिकानों की स्थिति, हथियारों की क्षमता, तैनाती, अभियानों की योजना और रक्षा अनुसंधान से जुड़ी जानकारी दुश्मन के हाथ लगना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकता है। इसलिए यह मानकर नहीं चला जा सकता कि वर्दी पहनने वाला या किसी रक्षा प्रतिष्ठान में काम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति हर परिस्थिति में ऐसे खतरों से सुरक्षित है। सतर्कता और जवाबदेही दोनों जरूरी है। जासूसी का दूसरा बड़ा मोर्चा साइबर दुनिया है। रक्षा क्षेत्र में सरकारी संस्थानों के साथ निजी कंपनियों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं की भूमिका भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में उनके कंप्यूटर नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और डिजिटल संचार व्यवस्था को सुरक्षित रखना अनिवार्य है। किसी निजी कंपनी के नेटवर्क में सेंध लगाकर हासिल की गई जानकारी भी देश की सामरिक क्षमताओं को नुकसान पहुंचा सकती है। एयरफोर्स चीफ ने निजी रक्षा कंपनियों को सुरक्षित नेटवर्क और रूसी सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की सलाह देने के लिए एजेंसी की भूमिका का उल्लेख किया है। लेकिन केवल सलाह जारी करना पर्याप्त नहीं होगा। उसका पालन सुनिश्चित करना और नियमित सुरक्षा ऑडिट करना भी जरूरी है। इसके साथ ही रक्षा प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल, अनजान लोगों से संपर्क, संदिग्ध प्रस्तावों और आर्थिक प्रलोभनों के प्रति जागरूक करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा केवल हथियारों, मिसाइलों और आधुनिक लड़ाकू विमानों से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि उन सूचनाओं की गोपनीयता से भी जुड़ी होती है, जिनके आधार पर रक्षा रणनीति तैयार होती है। ऐसे में सवाल है कि जब दुश्मन हमारे ही लोगों को मोहरा बनाकर सुरक्षा तंत्र में सेंध लगाने की कोशिश कर रहा है, तो क्या हमारी निगरानी और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था उसकी चालों से दो कदम आगे है? आखिर घर के भेदियों पर नजर रखे बिना देश की सुरक्षा का भरोसा कैसे कायम रह सकता है?

भारत-बांग्लादेश संबंध और शेख हसीना

जिस बांग्लादेश के जन्म के लिए 1971 में भारत ने अपने सैनिकों का बलिदान दिया, लगभग एक करोड़ शरणार्थियों का बोझ उठाया और अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना किया, उसी बांग्लादेश के साथ आज भारत के संबंध असहज है। इतिहास, भूगोल, भाषा, संस्कृति और आर्थिक हितों से जुड़े दोनों देशों के बीच अविश्वास की दीवार लगातार ऊंची होती दिखाई देती है। विशेष रूप से 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना की सरकार गिरने और उनके भारत आने के बाद संबंधों में जो तनाव पैदा हुआ, वह फरवरी 2026 में तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बावजूद समाप्त नहीं हो सका। अब शेख हसीना की संभावित स्वदेश वापसी ने इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है। सवाल केवल एक पूर्व प्रधानमंत्री के प्रत्यर्पण का नहीं, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में भारत की भूमिका, कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव और दक्षिण एशिया के बदलते सामरिक समीकरणों का भी है। 1947 में पाकिस्तान बनने के साथ ही पूर्वी व पश्चिमी पाकिस्तान के बीच भाषायी, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक असमानताएं सामने आने लगी थीं। पूर्वी पाकिस्तान की बंगाली आबादी को सत्ता में उचित भागीदारी नहीं मिली। 1970 के आम चुनाव में शेख मुजीबुर्रहमान की अवामी लीग को बहुमत मिलने के बावजूद सत्ता हस्तांतरण रोक दिया गया। 25 मार्च 1971 को पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में व्यापक दमन अभियान शुरू किया। लाखों लोग हिंसा से बचने के लिए भारत पहुंचे। दिसंबर 1971 तक लगभग 99 लाख शरणार्थी भारत आ चुके थे। भारत ने मुक्ति वाहिनी को सहयोग दिया और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश के पक्ष में अंतरराष्ट्रीय जनमत तैयार करने का प्रयास किया। 3 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के हवाई हमलों के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध शुरू हुआ। 16 दिसंबर को ढाका में पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश स्वतंत्र राष्ट्र बना। इस ऐतिहासिक योगदान को नकारना संभव नहीं।

लेकिन विडंबना है कि स्वतंत्रता के बाद भी बांग्लादेश की राजनीति का एक प्रभावशाली हिस्सा भारत के प्रति संदेह और विरोध की राजनीति करता रहा। बांग्लादेश के भीतर भारत विरोधी राजनीति की जड़ें केवल हाल के घटनाक्रमों में नहीं हैं। 1971 में पाकिस्तान का समर्थन करने वाली जमात-ए-इस्लामी जैसी शक्तियां स्वतंत्रता के बाद भी राजनीतिक रूप से सक्रिय रहीं। शेख मुजीबुर्रहमान की 15 अगस्त 1975 को हत्या के बाद बांग्लादेश की सत्ता और वैचारिक दिशा में बड़े परिवर्तन हुए। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच पूर्व में राजनीतिक गठबंधन भी रहे हैं। भारत के साथ जल बंटवारे, सीमा प्रबंधन और व्यापार से जुड़े वास्तविक विवादों को भी समय-समय पर भारत विरोधी राजनीतिक अभियान का आधार बनाया गया। अवामी लीग के शासनकाल में भारत के साथ सहयोग अपेक्षाकृत मजबूत रहा। विशेषकर 2009 के बाद शेख हसीना ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को महत्व दिया। पूर्वोत्तर भारत से जुड़े उग्रवादी नेटवर्कों के विरुद्ध सहयोग, सीमा प्रबंधन, संपर्क परियोजनाओं और बिजली व्यापार में प्रगति हुई। लेकिन शेख हसीना के शासन में विपक्ष के दमन, लोकतांत्रिक



संस्थाओं को स्वतंत्रता और चुनावी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल भी उठे। विरोधियों ने भारत पर हसीना सरकार को अत्यधिक राजनीतिक समर्थन देने का आरोप लगाया। इससे बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में भारत विरोधी धारणाओं को और जगह मिली। जुलाई 2024 में सरकारी नौकरियों के आरक्षण के विरुद्ध शुरू हुआ छात्र आंदोलन व्यापक सरकार विरोधी विद्रोह में बदल गया। प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई के आरोपों और राजनीतिक संकट के बीच 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना ने सत्ता छोड़ी तथा भारत आ गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। इस अवधि में भारत-बांग्लादेश संबंध तेजी से बिगड़े। बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमलों, अवामी लीग से जुड़े व्यक्तियों के विरुद्ध हिंसा और भारतीय हितों को लेकर आक्रामक बयानों ने नई दिल्ली की चिंताएं बढ़ाईं।

दूसरी ओर, ढाका की मुख्य मांग थी कि भारत शेख हसीना को वापस भेजे, ताकि उनके विरुद्ध मुकदमा चलाया जा सके। नवंबर 2025 में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 2024 के दमन से संबंधित मानवता के विरुद्ध अपराधों के मामले में हसीना को उनकी अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया। इसके बाद प्रत्यर्पण का विवाद और गंभीर हो गया। भारत सरकार ने संसद को विदेश मामलों की समिति को बताया कि प्रत्यर्पण अनुरोध पर सक्षम अधिकारी कानून के अनुसार विचार कर रहे हैं। 12 फरवरी 2026 के संसदीय चुनाव में बीएनपी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और 17 फरवरी को तारिक रहमान प्रधानमंत्री बने। जमात-ए-इस्लामी 68 सीटें जीतकर प्रमुख विपक्षी शक्ति के रूप में उभरी। यह बांग्लादेश की राजनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन था, क्योंकि 1971 में पाकिस्तान का समर्थन करने वाला संगठन अब संसदीय विपक्ष का नेतृत्व कर रहा है। बांग्लादेश की बदलती विदेश नीति भारत के लिए एक अलग सामरिक चुनौती है। जून 2026 में तारिक रहमान की चीन यात्रा के दौरान बुनियादी ढांचे और बंदरगाह परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया गया। चीन पहले से बांग्लादेश को महत्वपूर्ण सैन्य उपकरण उपलब्ध कराता रहा है। पाकिस्तान के साथ भी संपर्क बढ़ा है। जनवरी 2026 में ढाका और कराची के बीच लगभग 14 वर्षों बाद सीधी विमान सेवा बहाल हुई। सितंबर में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की मुलाकात हुई। भारत के दृष्टिकोण से चिंता केवल बांग्लादेश के चीन या पाकिस्तान से संबंध रखने की नहीं है। इस बीच राजनयिक संवाद पूरी तरह बंद नहीं हुआ। अप्रैल में बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात की। भारत ने प्रणेश त्रिवेदी को ढाका में उच्चायुक्त नियुक्त किया। व्यापार संबंधी बातचीत भी दोबारा शुरू हुई। इसके बावजूद 16 नवंबर 2026 तक दोनों प्रधानमंत्रियों की प्रस्तावित द्विपक्षीय मुलाकात नहीं हो सकी है।

स्पष्ट है कि संवाद की बहाली और राजनीतिक विश्वास की बहाली अभी दो अलग-अलग प्रक्रियाएं बनी हुई हैं। लेकिन प्रश्न बांग्लादेश की सरकार से भी है। क्या वह अपनी विदेश नीति को घरेलू भारत विरोधी राजनीति से अलग रख पाएगी? क्या अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी? क्या कट्टरपंथी शक्तियों को भारत के विरुद्ध राजनीतिक लामबंदी का अवसर मिलता रहेगा? शेख हसीना की वापसी दोनों देशों के लिए एक परीक्षा अवश्य है, लेकिन उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या बांग्लादेश की नई राजनीतिक व्यवस्था भारत के साथ अविश्वास और टकराव की राजनीति से बाहर निकलने को तैयार है?

दिवस विशेष


महेन्द्र तिवारी



युवा चेतना से ही उज्ज्वल बनेगा भविष्य

विद्यार्थी किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनके भीतर भविष्य के सपने होते हैं, वर्तमान को समझने की जिज्ञासा होती है और व्यवस्था को बेहतर बनाने का साहस भी होता है। विद्यार्थी केवल पुस्तकों में लिखे पाठों को याद करने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह अपने समय, समाज और परिस्थितियों को समझने वाला जागरूक नागरिक भी होता है। उसकी सोच में नए विचारों के बीज होते हैं और उसके संकल्प में आने वाले कल की संभावनाएं छिपी होती हैं। इसी महत्त्व को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 17 नवंबर को अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विद्यार्थियों के संघर्ष, साहस, अधिकारों, स्वतंत्रता और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस का इतिहास अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायक है। इसकी पृष्ठभूमि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान यूरोप में घटित उन घटनाओं से जुड़ी है, जब जर्मनी के नाजी शासन ने चेकोस्लोवाकिया पर अधिकार कर लिया था। वर्ष 1939 में वहां के विद्यार्थी विदेशी शासन के विरोध में आवाज उठा रहे थे। 28 अक्टूबर को चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता की वर्षगांठ के अवसर पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान युवा श्रमिक वाक्लाव सेदलाचेक और चिकित्सा के विद्यार्थी जान ओप्लेतालं घायल हुए। बाद में जान ओप्लेतालं की मृत्यु हो गई। 15 नवंबर को उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। यह शोक यात्रा धीरे-धीरे नाजी शासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन में बदल गई। विद्यार्थियों के इस साहस से भयभीत होकर नाजी शासन ने 17 नवंबर 1939 को कठोर दमनात्मक कार्रवाई की। प्राग और अन्य स्थानों के विद्यार्थी छात्रावासों तथा शिक्षण संस्थानों से गिरफ्तार किए गए। नौ विद्यार्थी नेताओं और शिक्षकों को बिना मुकदमे के मृत्युदंड दे दिया गया। एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को बंधक शिविरों में भेज दिया गया और चेक विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया गया। यह घटना केवल विद्यार्थियों पर किया गया अत्याचार नहीं थी, बल्कि विचारों की स्वतंत्रता, शिक्षा के अधिकार और मानवीय गरिमा पर किया गया आघात भी थी। इन बलिदानों की स्मृति में 1941 में लंदन में 17 नवंबर को अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। तब से यह दिन दुनिया भर में विद्यार्थी एकता और स्वतंत्रता के संघर्ष का प्रतीक बन गया। हालांकि आज का विद्यार्थी अनेक चुनौतियों से भी जूझ रहा है। शिक्षा का बढ़ता खर्च, महंगी पुस्तकें, निजी शिक्षण संस्थानों की भारी फीस, प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव और रोजगार की अनिश्चितता उसके सामने गंभीर समस्याएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनेक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना अब भी आसान नहीं है। कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने को विवश हो जाते हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील समाज के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा व्यक्ति को विवेकशील, संवेदनशील, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाती है। वह सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाती है। एक शिक्षित विद्यार्थी अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझता है। वह समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, भेदभाव, जातिगत संकीर्णता और लैंगिक असमानता के विरुद्ध तार्किक दृष्टिकोण विकसित कर सकता है। इसलिए शिक्षा को केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित कर देना उसके व्यापक उद्देश्य को कमजोर करना है। अन्तरराष्ट्रीय छात्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि विद्यार्थी केवल अपने परिवार का भविष्य नहीं, बल्कि राष्ट्र और मानवता की आशा भी है। उनकी आवाज में समाज को बदलने की शक्ति है और उनके विचारों में नई सभ्यता के निर्माण की संभावना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विद्यार्थियों को केवल भविष्य का नागरिक न मानें, बल्कि वर्तमान का सक्रिय और जिम्मेदार भागीदार भी समझें। उनकी समस्याओं को सुनें, उनकी प्रतिभा को अवसर दें

संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवधाभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अर्थात शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने वहां गई तो उत्कर की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विवाह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं कथा भुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

मृत्यु अटल है, जो ये बात समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित

प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पल प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बाद मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

अंतर्मन



आज की पाती

जब ठहर गया अमरीका का आसमान

अमरीका से आई तिमाहर. और तो खास तौपर एक देश के हवाई यातायात में आई अव्यवस्था को सहजने नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक पर अत्यधिक निर्भर होती दुनिया के सामने खड़े एक बड़े खतरे का संकेत भी है। जिस अमरीका को तकनीकी विकास, वैज्ञानिक नवाचार और आधुनिक परिवहन व्यवस्था का अगुआ माना जाता है, उसी के हवाई यातायात तंत्र में आई गंभीर तकनीकी गड़बड़ी ने हजारों उड़ानों को प्रभावित कर दिया। गत 13 नवंबर को अमरीका के संघीय विमानन प्रशासन ने हवाई यातायात नियंत्रण केंद्रों में संचार संबंधी समस्या के कारण देशभर से उड़ान भरने वाले विमानों पर अस्थायी रोक लगा दी। यह फैसला जमीनी परिचालन संचार तंत्र ना. बल्कि मशिनों और विमानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया एक अत्यावश्यक कदम था। - निलिंद वेलकुलय, बिलासपुर

ट्रेंड

जन्मदिन की शुभकामनाएं



बिहार के मुख्यमंत्री डॉक्टर चौधरी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे बिहार के विकास को नई दिशा और उन्नति के नए आयाम देने के लिए निरंतर अथक प्रयास कर रहे हैं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। -नरेंद्र मोदी, पीएम

सदा महत्वपूर्ण सहयोगी



सदा हमारी महत्वपूर्ण सहयोगी है। सीटों का बंटवारा कार्यकर्ताओं तक तीसरे दौर में होगा चाहिए। सबको साथ लेकर चलना होगा। उन्हें पीडीए फार्मूले के तहत सिलसिलेवार जनता के सामने बेहतर विकल्प देंगी। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष

मिलकर चुनाव लड़ेंगे



समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन में छोटी पार्टियों का आदर उनकी संख्या और जीतने की क्षमता होगी। जिस उम्मीदवार को सबसे बेहतर कहा जाएगा, गठबंधन की ओर से उसी को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा और जिताया जाएगा। -अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

ये महाकाल की धरती



जो इंदौर उजाले और कार्यालय को तोड़ने की यह बार बारिशों की गई। कुछ सहने की पहली तक दी गई है। लेकिन ये पहाड़ों वाला नहीं हुआ वे तबाहकाल को पढ़ते हैं और खत्म उजाले से डरे कोई नहीं तोड़ सकता। 'सभी दर्द सहन है शक्ति यहां की मिट्टी में। किसी के बस का हिन्दुस्तान बोलो है।' -दिलजीत दोसांझ, पंजाबी गायक

करंट अफेयर

अचानक यूक्रेन पहुंचे हैरी सैनिकों के जज्बे को सराहा

ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने यूक्रेन के घायल पूर्व सैनिकों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए आदर्श बताया और कहा कि कीव को इन सैनिकों को लगातार सहयोग देना चाहिए। हैरी ने युद्धग्रस्त यूक्रेन की अपनी अघोषित सप्तहांत यात्रा पूरी की। युद्ध शुरू होने के बाद हैरी की यह यूक्रेन की पांचवीं यात्रा थी। वहीं, पश्चिमी शहर लीव का उनका यह दूसरा दौरा था। उन्होंने तीव में 'सुपरह्यूमन्स सेंटर' में सैनिकों और कर्मचारियों से मुलाकात की। यह एक ही रोग एवं पुनर्वास केंद्र है, जहां घायल सैन्यकर्मियों और आम नागरिकों का इलाज किया जाता है।



ऑफ बीट

खाद्य पदार्थों को 'ऑर्गेनिक' क्या बनाता है? नहीं मिलता जवाब

'ऑर्गेनिक' (जैविक) एक ऐसा शब्द है, जिसका सामना हम हर बार सुपरमार्केट में खरीदारी करते समय करते हैं। हालांकि, अलग-अलग लोगों के लिए इसके मायने भी अलग-अलग हो सकते हैं। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि स्वाद, गुणवत्ता, पर्यावरण संबंधी चिंता और स्वास्थ्य व सुरक्षा से जुड़े संभावित लाभ उपभोक्ताओं को 'ऑर्गेनिक' खाद्य पदार्थ खरीदने के लिए प्रेरित करते हैं। शोध से पता चलता है कि अच्छे भोजन की तलाश लोगों को सुपरमार्केट से निकालकर सीधे किसानों और उत्पादकों तक, यहां तक कि अपने घर के बगीचे तक ले जा सकती है।



संक्षेप

पशु चोरी के आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने पड़िया और भैंसा बरामद किया, दो अन्य आरोपी फरार

अमेठी , कोतवाली पुलिस ने पशु चोरी के आरोप में राहुल कोरी (21) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की एक पड़िया और एक भैंसा बरामद किया। मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत 16 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई क्षेत्राधिकारी अमेठी श्वेताभ भास्कर के निकट पर्यवेक्षण में हुई। राहुल कोरी ताजखानपुर बहादुरपुर, थाना कोतवाली नगर, जिला सुलतानपुर का निवासी है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में उसने बताया कि 15 नवंबर की भोर में उसने अशफाक और धीरज के साथ ग्राम मोचवा से पड़िया और भैंसा चोरी किया था। अशफाक ताजखानपुर और धीरज करौदिया, सुलतानपुर का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, दोनों पशुओं को अशफाक के पिकअप वाहन में ले जाकर मोतीराम का पुरवा भरेथा में सुनसान जगह पर उतारा गया। पकड़े जाने से बचने के लिए राहुल के दोनों साथी दूसरे पिकअप वाहन का इंतजाम करने गए थे। राहुल पशुओं के साथ वहीं उनका इंतजार कर रहा था। इस मामले में थाना अमेठी में मु0अ0सं0 242/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह और गोविल सिंह, कांस्टेबल श्याम जी, दानिश, पंकज राजपूत और आदर्श गुप्ता शामिल रहे।

संग्रामपुर सीएचसी में 400 मरीजों का इलाज

53 गर्भवती महिलाएं भी शामिल; 62 जांच हुईं, 12 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा

अमेठी ,सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में करीब 400 मरीजों का इलाज किया गया। इनमें 53 गर्भवती महिलाएं शामिल थीं। मरीजों की मुफ्त जांच की गई और दवाएं दी गईं। केंद्र के प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि जांच में 3 महिलाओं को एचआरपी के रूप में चिन्हित किया गया। जांच के बाद उन्हें दवाएं दी गईं। इनमें से 12 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि लैब पैथोलॉजी में 62 जांच हुईं, जिनमें 17 गर्भवती महिलाएं थीं। इस समय पेट से जुड़ी बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

युवक से बाइक और मोबाइल छिनैती

जामों-भादर मार्ग पर वारदात; बुआ के घर से लौट रहा था पीड़ित

अमेठी, अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बेखौफ अज्ञात व्यक्ति ने रविवार शाम जामों-भादर मार्ग पर युवक की मोटरसाइकिल और मोबाइल छीन लिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। दिन ढलते ही हुई इस घटना ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर महासंघ ने बीएसए को दिया ज्ञापन

अविलंब पूर्व के विद्यमान नियमों के अनुसार पदोन्नति किए जाने की मांग की

ज्ञापन की प्रतिलिपि डीएम, सीडीओ एवं प्राचार्य (डायट पयागपुर) को भी प्रेषित

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। जनपद में गतिमान बेसिक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और शासनादेश व पूर्व के नियमों के अनुरूप संपादित करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच (बीएसए) को आठ सूत्रीय मांग पत्र दिया है।महासंघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पूर्व के नियमों के विपरीत पदोन्नति प्रक्रिया संपादित की गई तो महासंघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में भेजे गए पत्र में कहा गया है कि, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (प्रयागराज) के निदेर्शानुसार पदोन्नति प्रक्रिया दिनांक 7 नवंबर तक पूर्ण हो जानी चाहिए थी, लेकिन जनपद में यह अब तक अधूरी है।मांग पत्र में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद के दिनांक 12 नवंबर 2026 के पत्र के क्रम में स्पेशल टीईटी परीक्षा में सम्मिलित शिक्षकों का परीक्षा परिणाम आने तक उनके पद सुरक्षित रखने का निर्देश है। अतः जनपद के सभी विकास खंडों से सूचना मंगाई जाए कि किन शिक्षक, शिक्षिकाओं ने किस स्तर (प्राथमिक या उच्च प्राथमिक) की स्पेशल टीईटी परीक्षा दी है, पूर्व से शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षक, शिक्षिकाओं से जनपद के समस्त रिक्त विद्यालयों में से एक विद्यालय का विकल्प चुनने के उपरांत शेष बचे विद्यालयों में से प्राप्त सूचना के अनुसार उच्च प्राथमिक/प्राथमिक स्तर के केवल उतने ही पद सुरक्षित किए जाएं जितनी आवश्यकता है, आवश्यकता से अधिक पद न रोके जाएं,13 नवंबर 2026 तक सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय की संयुक्त वरिष्ठता सूची जारी नहीं की गई है, इसे अविलंब जारी करने, सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति की जाए, जिससे प्राथमिक विद्यालय के अधिक से अधिक प्रधानाध्यापक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के अधिक से अधिक सहायक अध्यापक के पद रिक्त हो सकें और अधिक से अधिक पदों पर पदोन्नति हो सके, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सभी विद्यालयों में छात्र संख्या की अनिवार्यता समाप्त करते हुए प्रधानाध्यापक का पद सृजित करने के निर्णय के अनुसार सभी प्रधानाध्यापक विहीन विद्यालयों को रिक्तियों में सम्मिलित करते हुए सभी प्रधानाध्यापक पदों पर पदोन्नति करने, समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम तीन शिक्षक अनिवार्य रूप से पदस्थापित किए जाएं तथा अधिक छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुसार सहायक अध्यापक पद पर पदोन्नति की जाए, पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण किए जाने हेतु जनपद में उपलब्ध समस्त रिक्तियों यथा– उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक तथा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक की समस्त रिक्तियों को अविलंब सार्वजनिक करने, त्रुटिरहित वरिष्ठता सूची और विद्यालय विकल्प की व्यवस्था, काउंसलिंग में पूर्व के नियमों का पालन की मांग की गई है।पत्र के द्वारा जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र, जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अन्सारी, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर पाठक, जिला संयुक्त महामंत्री विनोद कुमार त्रिपाठी सहित समस्त पदाधिकारियों ने पूर्व के नियमों के अनुरूप पदोन्नति न होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

बाबागंज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने किया पैदल गश्त, संदिग्धों की ली तलाशी

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से रूपईडीहा पुलिस पूरी तरह सक्रिय है।इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बा बाबागंज में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान कोतवाल हरेंद्र कुमार मिश्रा ने कस्बे के मुख्य चौराहों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और संवेदनशील स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने सड़क किनारे खड़े संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की। अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए सामान सीमा के भीतर रखने के निर्देश दिए गए। कोतवाल ने स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस की इस सक्रियता से जहां अराजक तत्वों में हड़कंप मचा रहा, वहीं स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। पैदल गश्त के दौरान चौकी प्रभारी बाबागंज मानवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल धनंजय खरवार, कांस्टेबल झलक मिश्रा, आकाश यादव, कुलदीप कुमार मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय बक्शी गांव प्रथम में शिक्षण संकुल की बैठक संपन्न

शैक्षणिक गुणवत्ता पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बक्शी गांव प्रथम में शिक्षण संकुल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षण संकुल धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने की। बैठक में एआरपी शैलेंद्र कुमार, केआरपी अमित कुमार एवं डॉ. जितेंद्र वर्मा सहित शिक्षक नीरज कुमार, पवन कुमार, संदीप, अनुज कुमार, रामनरेश यादव, राजेश कुमार, मोहम्मद कौसर, प्रदीप सिंह, लीला कौशल, रजनी, राजेश मिश्रा एवं मोइनुद्दीन मोहम्मद फहद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों की नियमितता एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही बच्चों को दिए जाने वाले गृहकार्य, शिक्षण कार्य की प्रभावशीलता तथा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने के विभिन्न उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर जोर दिया।



17 नवंबर से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 4 जनवरी तक चलेगी प्रक्रिया

सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक में एसडीएम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पात्र युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कैसरगंज में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के दौरान मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। एसडीएम ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 17 नवंबर से शुरू होकर 4 जनवरी 2027 तक चलेगा। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जाएगी। इसके लिए विभिन्न तिथियों पर विशेष कैंप भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कैसरगंज क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की कि जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। इसके साथ ही जिन पात्र नागरिकों के नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नाम जुड़वाएं। एसडीएम ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि अभियान के प्रति आमजन को जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।

स्व-गणना अभियान को लेकर डीएम की जनपदवासियों से खास अपील

16 से 30 नवंबर तक स्वयं दर्ज करें अपनी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं सटीक बनाने के उद्देश्य से 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व-गणना अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत जनपद के नागरिक स्व-गणना ऐप के माध्यम से घर बैठे अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी स्वयं पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। इस संबंध में जिलाधिकारी बहराइच राजेश कुमार पांडेय ने जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकों से विशेष अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग स्व-गणना ऐप का उपयोग करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर अपनी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से पोर्टल पर अपलोड करें। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों द्वारा स्वयं अपनी जानकारी दर्ज किए जाने से गणना प्रक्रिया को गति मिलेगी और गणना कर्मियों को भी अपने दायित्वों के निर्वहन में काफी सहूलियत होगी। इसके साथ ही स्वयं अपलोड की गई जानकारी के आधार पर जनगणना से संबंधित आंकड़ों का सही एवं सटीक आकलन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाएं और निर्धारित समयावधि में स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी कर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि जनगणना का कार्य सुचारु, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जनपदवासियों से स्व-गणना अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

युवक को कार में किडनैप कर ले गए

पुलिस ने 10 घंटे में कौशांबी से बरामद किया, 3 गिरफ्तार; पांच की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , शाहमऊ कस्बे में रविवार दोपहर बाजार गए 34 साल के मोहम्मद अनसार का कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने करीब 10 घंटे बाद उन्हें कौशांबी के कड़ा धाम के पास से सकुशल छुड़ा लिया। मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पांच अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बाजार गए अनसार का कार सवारों ने किया अपहरण

मोहनगंज थाना क्षेत्र के शाहमऊ निवासी अनसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे बाजार गए थे। इसी दौरान कार सवार लोगों ने उनका अपहरण कर लिया। उनके पिता की शिकायत पर पुलिस ने प्रयागराज निवासी मोहम्मद कामरान के खिलाफ केस दर्ज किया। एसपी सरवणन टीके के निर्देश पर आरोपियों की तलाश के लिए चार पुलिस टीमें बनाई गईं।

कार से आ रही थी रोने की आवाज, पुलिस ने छुड़ाया

पुलिस के मुताबिक, कौशांबी में कड़ा धाम के पास प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर दारानगर फ्लाईओवर के नजदीक एक स्विफ्ट डिजायर कार दिखाई दी। कार से रोने की आवाज आ रही थी। पुलिस ने अंदर देखा तो अनसार के दोनों हाथ गमछे से बंधे थे और उनके मुंह पर मास्क लगा था। कार में दो अन्य लोग भी बैठे थे। पुलिस ने अनसार को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि कामरान उर्फ चांद अपने साथियों के साथ सफेद अर्टिगा कार से शाहमऊ पहुंचा था और उनका अपहरण कर लिया था। इसके बाद आरोपी कार बदलकर उन्हें स्विफ्ट कार से कौशांबी ले गए।

मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार, पांच की तलाश

पुलिस ने मौके से मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में इस्तेमाल अर्टिगा कार, बांस के डंडे, गमछा और मास्क भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, अनसार पहले प्रयागराज में आरोपी के यहां काम करते थे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का विशेष अभियान 17 नवंबर से, डीएम ने युवाओं से की अपील

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए 17 नवंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी बहराइच राजेश कुमार पांडेय ने जनपद के नागरिकों से अपील की है कि जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल कराएं। उन्होंने कहा कि भारत के सभी पात्र नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण जरूर कराएं। डीएम ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में बीएलओ एवं बीएलए की ड्यूटी लगाई गई है। पात्र नागरिक संबंधित बीएलओ से संपर्क कर निर्धारित फॉर्म भरकर आसानी से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराना प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए अपने लोकतांत्रिक अधिकार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

बाबागंज में वाहन चेकिंग से हड़कंप, पुलिस ने की वाहनों की सघन जांच



अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज मे स्थानीय बाबागंज चौकी पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों की सघन जांच की गई। यातायात माह नवंबर के क्रम में बाबागंज चौकी प्रभारी मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाबागंज चरदा मोड़ चौराहे पर आने जाने वाले दो पहिया वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान वाहन स्वामियों से कागज, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस की जांच करते हुए उन्हें हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस दौरान अपूर्ण कागजात एवं बिना हेलमेट के कारण कई दोपहिया वाहनों का चालान भी किया गया। मौके पर चौकी पुलिस झलक मिश्रा, धनंजय खरवार आदि मौजूद रहे।

शादी से पहले युवती पर कुल्हाड़ी से हमला

मां को भी डंडों से पीटा; एक नामजद समेत 3 पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी से ठीक पहले युवती पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। 25 नवंबर को युवती की शादी होनी है। आरोप है कि 15 नवंबर की रात घर के बाहर तार से कपड़े उतार रही युवती पर गांव के ही युवक ने अपने दो साथियों के साथ कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची मां को भी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कपड़े उतारते समय कुल्हाड़ी से किया हमला

जानकारी के अनुसार, युवती की शादी आगामी 25 नवंबर को तय है। 15 नवंबर की रात करीब 9 बजे वह घर के बाहर तार से कपड़े उतार रही थी। इसी दौरान गांव का शिवम सिंह अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंच गया। आरोप है कि पुरानी रंजिश और विवाद के चलते शिवम ने धारदार कुल्हाड़ी से युवती पर हमला कर दिया। इससे उसका सिर फट गया और गर्दन पर भी गंभीर चोटें आईं।

बचाने पहुंची मां को डंडों से पीटा

युवती की चीख-पुकार सुनकर उसकी मां बचाने के लिए दौड़ीं। आरोप है कि हमलावरों ने उन पर भी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में मां की पीठ, मुंह और उंगली में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पक्ष पहले भी उनके परिवार से आए दिन विवाद और मारपीट करता रहता है।

शादी में अनहोनी की आशंका, मांगी सुरक्षा

पीड़िता के मुताबिक, आरोपी जाते समय पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। 25 नवंबर को शादी होने के कारण परिवार को आशंका है कि आरोपी पक्ष शादी समारोह के दौरान भी कोई वारदात कर सकता है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है, ताकि शादी समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। जयसिंहपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुख्य आरोपी शिवम सिंह समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दहेज हत्या के आरोप में पति, सास-ससुर गिरफ्तार

बाइक की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , मड़िया गांव में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति, सास और ससुर को गिरफ्तार किया है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज में मोटरसाइकिल मांगने और मांग पूरी न होने पर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। भाई की शिकायत पर पुलिस ने दहेज हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक, मृतका की शादी करीब 20 महीने पहले आकाश पाल से हुई थी। उसके भाई ने आरोप लगाया कि मोटरसाइकिल की मांग को लेकर ससुराल वाले उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे। भाई ने पति आकाश पाल, ससुर हरिकेश पाल और सास संगीता देवी पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की थीं। सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे लीलापुर पुलिस ने लीलापुर चौराहे के पास स्वाद ढाबे के नजदीक से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश पाल (26), हरिकेश पाल (48) और संगीता देवी (45) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इंग्लिश के टीचर ने फांसी लगाकर जान दी

प्रेम प्रसंग को लेकर परेशान थे, 25 नवंबर को होनी थी बड़े भाई की शादी; मरने से पहले कर रहा था कॉल

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , करनपुर इलाके में रविवार देर रात को 30 वर्षीय शिक्षक अभिषेक पांडेय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। अभिषेक की मौत से घर में कोहराम मच गया। अभिषेक हाईराइज इंटरनेशनल कॉलेज में शिक्षक थे। उनके बड़े भाई कृष्ण मुरारी की शादी 25 नवंबर को होनी थी। कृष्ण मुरारी पुणे में रहकर प्राइवेट जॉब करते हैं। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। अभिषेक भी शादी की तैयारियों में जुटे थे। परिवार में दो भाई और एक बहन हैं। अभिषेक के पिता मुंबई की एक निजी कंपनी में प्राइवेट जॉब करते हैं। उनकी मां का करीब 7 साल पहले निधन हो चुका है। परिजनों के मुताबिक, अभिषेक पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग को लेकर परेशान थे। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है।

पुलिस ने मोबाइल फॉरेंसिक टीम को बुलाया

घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। इसके बाद नगर कोतवाल सुभाष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद मोबाइल फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। चौकी इंचार्ज अंकित कुमार तिवारी ने बताया कि- मृतक युवक मरने से पहले किसी लड़की से वीडियो कॉलिंग पर बात कर रहा था, और दोनों के बीच चैटिंग भी हुई है।

संक्षेप

8 बीघा जमीन के लिए भाई को मार डाला

शव जलाया, गुमराह करने के लिए गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई

बागपत , बड़ौत कोतवाली पुलिस ने मलकपुर गांव में बड़े भाई हरेंद्र की हत्या के आरोप में उसके छोटे भाई नरेंद्र और राज उज्जवल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, नरेंद्र ने जमीन हड़पने के लिए दो हिस्ट्रीशीटर और एक अन्य व्यक्ति की मदद से हत्या की साजिश रची थी। जमीन के लालच में रची हत्या की साजिश पुलिस के अनुसार, हरेंद्र शराब पीते थे। उन्होंने अपने हिस्से की 400 गज जमीन बावली गांव के एक व्यक्ति को बेच दी थी। इसके बाद नरेंद्र ने उनकी हत्या कर जमीन अपने नाम कराने की योजना बनाई। नरेंद्र ने अपने रिश्तेदार विपुल से जमीन मिलने पर उसे आधा-आधा बांटने की बात तय की थी। बाजार ले जाने के बहाने कार में बैठायापुलिस के मुताबिक, 17 सितंबर को हरेंद्र को बाजार ले जाने की बात कहकर ब्रेजा कार में बैठाया गया। कार में दो हिस्ट्रीशीटर, राज उज्जवल और एक अज्ञात व्यक्ति भी मौजूद थे। आरोपियों ने कपड़े से गला दबाकर हरेंद्र की हत्या कर दी। इसके बाद शव को रमाला थाना क्षेत्र के एक श्मशान घाट पर ले जाकर पेट्रोल डालकर जला दिया। लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराईनरेंद्र ने 21 सितंबर को बड़ौत कोतवाली में हरेंद्र के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि उसने यह दिखाने की कोशिश की कि हरेंद्र कहीं चले गए हैं। दरोगा विपिन कुमार की अगुवाई में पुलिस ने नरेंद्र और राज उज्जवल को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल ब्रेजा कार बरामद हुई है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। सर्विलांस और फॉरेंसिक टीम ने की मदद एडिशनल एसपी ने रात 9:30 बजे मीडिया सेल के जरिए मामले की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सर्विलांस टीम, फॉरेंसिक टीम और बड़ौत कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में मदद की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

चोरी की बाइक के साथ तीन लोग गिरफ्तार

घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, पुलिस ने दबोचा

बागपत , सिंघावली अहीर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, तीनों किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। दोपहर करीब 4 बजे पुलिस ने गिरफ्तारी की जानकारी दी । बागपत एसपी पूर्णेन्दु सिंह के निर्देश पर पुलिस अपराधियों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की बाइक पर तीन लोगों को देखा और रुकने का इशारा किया। पुलिस के मुताबिक, बाइक चला रहे व्यक्ति ने रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली। जांच में पता चला कि बाइक गाजियाबाद से चोरी की गई थी और इस संबंध में केस दर्ज है। गिरफ्तार लोगों की पहचान तैय्यब पुत्र जुल्फिकार, निवासी कस्बा बागपत; तौहीद पुत्र सलीम, निवासी कस्बा बड़ौत; और प्रशांत, निवासी गांव सैदपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सूर्यदीप ने बताया कि चेकिंग के दौरान तीनों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तीनों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

अर्धनग्न अवस्था में मिला झाड़ियों के बीच अधेड़ महिला का शव

प्रशासन ने मौके में पहुंचकर की शिनाख्त भेजा पोस्टमार्टम

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव औसेरीखेड़ा निवासी अधेड़ महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में झाड़ियों के बीच मिला जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के औसेरी खेड़ा गांव निवासिनी 50 वर्षीय महिला गरीबा देवी बिगत दिवस 13 नवंबर को औंग कस्बे दवा लेने हेतु गई थी परंतु वापस घर नहीं पहुंची काफी खोजबीन की गई परंतु महिला का कोई पता नहीं चला वही कल सोमवार सुबह पहर आशापुर गांव में निर्मित पानी टंकी के समीप झाड़ियों के बीच अर्धनग्न अवस्था में महिला का शव मिला मायके पक्ष से पहुंचे भाई जयराम निषाद ने हत्या की आशंका जताई वहीं मौके पर महिला की चप्पल तथा दवा का पर्चा भी बरामद हुआ पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना मिलते ही पहुंचे और थाना प्रभारी दिनेश कुमार शुक्ला ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्राधिकारी बिंदकी द्वारा भी जांच पड़ताल की गई है वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात मौत का कारण पूर्ण रूप से स्पष्ट हो पाएगा

गरीबी नहीं झेल सकी वैष्णों फांसी लगाकर की खुदकुशी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के हथगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सियाडी में 17 वर्षीय युवती वैष्णो देवी पुत्री स्वर्गीय विष्णु प्रसाद ने दो वक्त की रोटी से आहत होकर गरीबी से तंग होकर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार युवती के माता-पिता कई वर्ष पहले स्वर्ग सिधार गए थे घर में वह अकेली रहती थी इधर-उधर मजदूरी करके पेट का पालन पोषण करती थी परंतु कहीं काम न मिलने पर जो वक्त की रोटी को भी मोहताज हो जाने वाली युवती ने घर के ही छत में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया सुबह होने पर यह जानकारी जैसे ही मोहल्ले के लोगों को मिली तो सभी लोग मौके पर पहुंचे तथा युक्ति के मामा को फोन पर सूचना दी जानकारी मिलते ही ननिहाल पक्ष से केवई गांव थाना राधा नगर निवासी गणेश कुमार मौके पर पहुंचे तथा पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना मिलते ही पहुंचे छिवलहा चौकी प्रभारी उत्कर्ष मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना प्रभारी निरीक्षक हथगांव धर्मेंद्र कुमार ने बताया की युवती बेसहारा थी तथा असहाय होकर गरीबी झेल रही थी इसी कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

जहरीले सर्प ने युवती को बनाया शिकार हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव न्योरी जलालपुर निवासिनी 16 वर्षीय किशोरी छात्रा सावनी पुत्री नवाबअली की सर्पदंश से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार मृतका अपनी बड़ी बहन नाजमीन परवीन के साथ मकान के ही एक कच्चे कमरे में बेड के ऊपर सो रही थी जहरीले सर्प ने किशोरी को अपना शिकार बनाया और उसके हाथ में वार कर दिया नींद के कारण किशोरी ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया वहीं कुछ ही देर में सुबह होने पर छात्रा की हालत बिगड़ने लगी वह अचानक बिस्तर से उठी और जमीन पर गिर पड़ी परिवार के अन्य लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली ले गए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए सर्पदंश की पुष्टि किया तथा कानपुर हैलट के लिए युवती को रेफर कर दिया वहीं कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही बेटी सावनी की सांसें थम गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो मां अनारकली समेत सभी में गम का पहाड़ टूट पड़ा मृतका बेटी को वापस परिजन घर लेकर पहुंचे वहीं परिजनों ने बताया कि बेटी हाई स्कूल कक्षा की छात्रा थी इस घटना से पूरा परिवार गमगीन हो उठा

घर में घुसकर परिवार पर हमला



छह साल के बच्चे समेत 6 लोग घायल; किशोरी भी चोटिल, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , किठौर थाना क्षेत्र के स्वामीपुरा कासमपुर गांव में शाम कुछ लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर घर में घुसे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने परिवार के लोगों को पीटा। हमले में किशोरियों समेत करीब छह लोग घायल हुए। गांव के जय सिंह पुत्र स्वर्गीय गेंदा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के कुछ लोग बिना किसी कारण उनके घर में घुस आए थे। उन्होंने घर में मौजूद लोगों से अभद्रता और गाली-गलौज की। परिवार के विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जय सिंह के मुताबिक, उनकी 14 वर्षीय बेटी आशा, अलका और परिवार के चार अन्य लोगों को चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि उनके छह वर्षीय पोते वैष्णो पुत्र पुष्पेंद्र कुमार के साथ भी मारपीट की गई थी। आरोप है कि बच्चे के साथ मारपीट करने वालों को समझाने पहुंचे परिवार के लोगों को भी पीटा गया।घटना के बाद जय सिंह ने किठौर थाने में शिकायत दी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई, घायलों का मेडिकल परीक्षण और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यूजीसी के विरोध में 29 को सम्मेलन करेगा ब्राह्मण समाज

आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग उठाई, यूजीसी हटाओ, नहीं तो वोट नहीं का नारा दिया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, युवा ब्राह्मण समाज संगठन ट्रस्ट ने बीएवी इंटर कॉलेज में बैठक आयोजित की। इसमें यूजीसी के विरोध को लेकर आगे की रणनीति बनाई गई। बैठक में सदस्यों ने एकजुट होकर बड़े स्तर पर विरोध करने और समाज के लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। साथ ही 29 नवंबर को सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक की अध्यक्षता स्थायी समिति सदस्य जितेंद्र गौतम ने की, जबकि संचालन मंडल अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किया। स्थायी समिति सदस्य अजय शर्मा ने यूजीसी के विरोध में एकजुट होकर जल्द बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। ब्रह्मपुरी क्षेत्र के महामंत्री डॉ. रमाकांत पचौरी ने कहा कि सम्मेलन की तारीख तय कर तैयारियां शुरू करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ब्रह्मपुरी क्षेत्र के सदस्य घर-घर जाकर लोगों को यूजीसी के मुद्दे पर जागरूक करेंगे। इसके लिए पंपलेट भी तैयार कर लिया गया है। डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि इस अभियान में स्वर्ण समाज के अन्य संगठनों को भी साथ लेकर चलना चाहिए। क्षेत्रीय, केंद्रीय और अन्य समितियों के सदस्य मिलकर सक्रिय रूप से काम करें और जल्द आगे की रणनीति तय करें।संगठन के मंत्री पुनीत शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने के बाद संगठनों का विरोध कमजोर पड़ गया था। अब सरकार की ओर से 11 तारीख को एक और प्रस्ताव लाए जाने से समाज में नाराजगी है। उन्होंने आर्थिक आधार पर सभी वर्गों को समान सुविधाएं और आरक्षण देने की मांग उठाई। कहा कि गरीब व्यक्ति चाहे किसी भी जाति या धर्म का हो, उसे समान अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई राजनीतिक दल इस मांग का विरोध करता है तो समाज संगठित होकर चुनाव में उसका विरोध करेगा।विकास शर्मा ने कहा कि यदि समाज ने एकजुट होकर आवाज नहीं उठाई तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें माफ नहीं करेंगी। डॉ. प्रियंक शर्मा ने भी बच्चों के भविष्य को देखते हुए यूजीसी के विरोध को जरूरी बताया। वरिष्ठ सदस्य वी. राजू शर्मा और पाराशर ने 29 नवंबर को सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। शैलेश पांडे ने भी संगठित होकर विरोध करने के निर्णय का समर्थन किया।बैठक में संजय दीक्षित, प्रशांत शर्मा, लव भारद्वाज, राजीव नरहरि, राजीव दीक्षित, संजय शर्मा, प्रेमचंद कौशिक, मुकेश कुमार शर्मा, ललित कौशिक, हिमांशु शर्मा, आशु शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अनिल कुमार शर्मा और श्रीकांत पांडे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने यूजीसी हटाओ, नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ विरोध को व्यापक स्तर पर चलाने और स्वर्ण समाज के लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की।

रणजी खिलाड़ी के घर से 25 लाख की चोरी

मेरठ में पत्नी-बेटी के साथ बाजार गए थे आशु शर्मा, तीसरी मंजिल पर था बेटा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , शास्त्रीनगर में दोपहर रणजी ट्रॉफी के पूर्व खिलाड़ी आशु शर्मा के घर से करीब 25 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। घटना के समय उनका बेटा समर मकान की तीसरी मंजिल पर था। आसपास के कैमरों में दो युवक कैद हुए हैं। पुलिस ने फुटेज लेकर जांच शुरू कर दी है। शास्त्रीनगर सेक्टर-16 के मकान नंबर 566 में रहने वाले आशु शर्मा, शिवदत्त शर्मा के बेटे हैं। वह रणजी ट्रॉफी में खेल चुके हैं और फिलहाल रेलवे विभाग में परिचालक हैं। वह पत्नी रीना, बेटी निदा और बेटे समर के साथ तीन मंजिला मकान में रहते हैं परिवार के मुताबिक, दोपहर करीब 12:30 बजे आशु शर्मा पत्नी रीना और बेटी निदा के साथ बाजार गए थे। उन्होंने घर के मुख्य गेट पर ताला लगाया था। समर तीसरी मंजिल पर मौजूद था। करीब 3:30 बजे वह नीचे आया तो मुख्य गेट खुला मिला और कमरों का सामान बिखरा था। उसने पिता को फोन कर इसकी जानकारी दी।आशु शर्मा परिवार के साथ घर पहुंचे तो अलमारियां खुली और सामान बिखरा मिला। उनके मुताबिक, घर से करीब 11 लाख 50 हजार रुपये नकद, 10 तोले सोने के आभूषण और चांदी की एक ईंट चोरी हुई है। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। परिवार ने आसपास के मकानों के कैमरों की फुटेज देखी। उसमें करीब 18 से 22 साल के दो युवक घर से निकलते दिखे। पुलिस फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

रेस्टोरेंट और फूड हब में लगी भीषण आग

1 किलोमीटर तक दिखीं लपटें, दमकल की 4 गाड़ियों ने पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , मुरादनगर में काइट कॉलेज के सामने सुबह खोखा रेस्टोरेंट और फूड हब में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरे रेस्टोरेंट को चपेट में ले लिया। करीब एक किलोमीटर दूर से आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। सूचना पर मोदीनगर और गाजियाबाद से दमकल की 4 गाड़ियां पहुंचीं। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से रेस्टोरेंट की टीनशेड भी गिर गई। आसपास के मकान और दूसरे रेस्टोरेंट आग की चपेट में आने से बच गए। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

रेस्टोरेंट और फूड हब आग की लपटों की चपेट में आए।

किचन से शुरू हुई आग, आसपास के मकानों तक पहुंचने से रोकासीएफओ सौरभ सिंह ने बताया कि मुरादनगर में काइट कॉलेज के सामने खोखा नाम का ओपन रेस्टोरेंट और दूसरा फूड हब है। वहां किचन में आग तेजी से फैल रही थी। सूचना मिलने पर फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची और फायर टेंडर से होज पाइप लाइन बिछाकर आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर सर्विस टीम ने कड़ी मेहनत और सूझबूझ से आग पर काबू पाया। इस दौरान आसपास के दूसरे रेस्टोरेंट और मकानों को भी आग की चपेट में आने से बचाया गया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग सहम गए।

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से भी पहुंची दमकल की गाड़ी

आग बुझाने के लिए ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर से भी एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। आग से लाखों रुपये का नुकसान होने की बात बताई गई है। हालांकि, अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर मुरादनगर पुलिस भी मौजूद रही। पुलिस और फायर अधिकारियों ने रेस्टोरेंट मालिक चैतन्य बालियान निवासी मुरादनगर और फूड हब के मालिक सौरभ शर्मा से घटना की जानकारी ली। शुरूआती जानकारी के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से लगी।

चाइनीज मांझे से बाइक सवार की गर्दन कटी

खून से लथपथ होकर सड़क पर गिरा; पीछे बैठा युवक भी घायल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की गर्दन बुरी तरह कट गई। गर्दन से खून बहने लगा। अचानक हुए हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घटना देर शाम नौचंदी थाना क्षेत्र में हापुड़ रोड स्थित तिरंगा गेट के पास हुई। युवक अपने दोस्त के साथ हापुड़ अड्डे से शास्त्री नगर चुंगी की ओर जा रहा था। दोनों को स्थानीय लोग एएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। गंभीर हालत में युवक को आनंद हॉस्पिटल रेफर किया गया। घायल युवक की पहचान ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर-3 निवासी आदिल पुत्र नईम के रूप में हुई है। उसका आनंद हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। बाइक पर पीछे बैठा दोस्त भी गिरकर मामूली रूप से घायल हुआ है।

तिरंगा गेट के पास गर्दन में फंसा मांझा

जानकारी के मुताबिक, आदिल देर शाम अपने दोस्त के साथ बाइक से हापुड़ अड्डा चौराहे से शास्त्री नगर चुंगी की ओर जा रहा था। जैसे ही वह तिरंगा गेट के पास पहुंचा, अचानक उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, मांझे से उसकी गर्दन पर गहरा घाव हो गया। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक सड़क पर गिर गई। आदिल और उसका दोस्त भी सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दोस्त को मामूली चोट आई। आसपास के लोग दोनों को एएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। स्थानीय लोग दोनों को एएस हॉस्पिटल ले गए। वहां से उन्हें राजधानी अस्पताल भेजा गया। आदिल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे गढ़ रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल रेफर कर दिया। फिलहाल वह वेंटिलेटर पर है।

प्रतिबंध के बावजूद बिक रहा चाइनीज मांझा

चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के बावजूद शहर में इसकी बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। आए दिन लोग इसकी चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांझा बेचने और इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। नौचंदी थाना प्रभारी अरुण भाटी ने बताया कि हापुड़ रोड पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसकी पहचान माधवपुरम निवासी आदिल के रूप में हुई है। उसकी गर्दन पर गहरा घाव है और आनंद हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर कार का 2 हजार का चालान कटा

चालान में लोकेशन अटलांटिक महासागर की दिखी, रफ्तार 101 किमी प्रति घंटा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,यमुना एक्सप्रेसवे पर कार चला रहे एक व्यक्ति का ओवरस्पीड के आरोप में 2 हजार रुपए का ई-चालान काटा गया। चालान में कार की लोकेशन एक्सप्रेसवे के बजाय अटलांटिक महासागर के बीच दिखाई गई। मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद ई-चालान की लोकेशन को लेकर सवाल उठे। अनुजीत शिवम नाम के व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चालान की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनकी कार यमुना एक्सप्रेसवे पर 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी, तभी चालान काटा गया। अनुजीत के मुताबिक, एक्सप्रेसवे पर तय गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा है। चालान में कार की रफ्तार 101 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज थी और 2 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। चालान में अक्षांश 0 डिग्री उत्तर और देशांतर 0 डिग्री पूर्व दर्ज था।

प्रेमी की दूसरी शादी की बात पर महिला पोल पर चढ़ी

ग्रेटर नोएडा के पाली गांव में पांच घंटे बाद सुरक्षित उतारी गई

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के पाली गांव में एक महिला प्रेमी की दूसरी शादी की बात से परेशान होकर हाईटेंशन बिजली लाइन के पोल पर चढ़ गई। महिला को नीचे उतारने के लिए पुलिस, बिजली विभाग और रेस्क्यू टीम को करीब पांच घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार टीम ने उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। जानकारी के मुताबिक, महिला मूल रूप से गोरखपुर की रहने वाली है। वह अपने पति को छोड़कर दो बच्चों के साथ ग्रेटर नोएडा में रह रही है। दादरी में वह एक युवक के साथ रहती थी। आरोप है कि युवक अब किसी दूसरी महिला से शादी करने जा रहा है। इसी बात से परेशान होकर वह सुबह करीब 11 बजे हाईटेंशन बिजली लाइन के पोल पर चढ़ गई।सूचना मिलने पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों और महिला के दोनों बच्चों ने उसे नीचे उतरने के लिए काफी समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद पुलिस ने बिजली विभाग और रेस्क्यू टीम को बुलाया। एहतियात के तौर पर पोल के नीचे जाल लगाया गया। बिजली विभाग और रेस्क्यू टीम ने महिला को लगातार समझाने की कोशिश की। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद टीम उसके पास पहुंची और उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया।

सेक्टर-150 के नाले में मिला 58 वर्षीय व्यक्ति का शव

तीन दिन से लापता था; शराब के नशे में गिरने की आशंका

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर-150 में नाले में 58 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान मोहम्मद इस्लाम पुत्र अजीज के रूप में हुई है। वह कोंडली गांव में रहता था और मूल रूप से संभल जिले के रजपुरा का निवासी था। वह तीन दिन से लापता था। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि मोहम्मद इस्लाम हाउसकीपिंग का काम करता था। वह शराब पीने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। रविवार को सेक्टर-150 के नाले में उसका शव मिलने की सूचना मिली।पुलिस ने शव की जांच की। उसके शरीर पर चोट के कोई साफ निशान नहीं मिले। शुरूआती जांच में आशंका है कि शराब के नशे में संतुलन बिगड़ने से वह नाले में गिरा होगा। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

डॉ. हिमांशु सेठी का शाहाबाद दौरा

प्रदेश में बड़ा पद मिलते ही अपने गृहक्षेत्र पहुंचे डॉ. हिमांशु सेठी, जोरदार स्वागत; भाजपा नगर अध्यक्ष की गैरमौजूदगी बनी चर्चा का विषय

शाहाबाद में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने का दिया भरोसा, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से वार्ता कर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ बुलाने की करेंगे पहल

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक बनाए जाने के बाद पहली बार शाहाबाद पहुंचे भाजपा नेता एवं स्वच्छ भारत मिशन अभियान, उत्तर प्रदेश के सलाहकार डॉ. हिमांशु सेठी का डाक बंगले पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। फूल-मालाओं और नगाड़ों के बीच हुए स्वागत समारोह में समर्थकों का उत्साह देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला भी अपनी टीम के साथ पहुंचे और डॉ. सेठी का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। हालांकि कार्यक्रम में भाजपा के शाहाबाद नगर अध्यक्ष पिंटू पांडे की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनकी अनुपस्थिति की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। पत्रकार वार्ता में डॉ. हिमांशु सेठी ने शाहाबाद की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के तमाम मरीज गंभीर बीमारियों के उपचार और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श के लिए लखनऊ जाने को मजबूर हैं। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक बोझ के साथ आवागमन और मानसिक परेशानियां भी उठानी पड़ती हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से वार्ता कर मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ सर्जन और विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों को सप्ताह में एक या दो दिन शाहाबाद बुलाने की व्यवस्था कराने का प्रयास करेंगे। इससे स्थानीय मरीजों को अपने क्षेत्र में ही विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श और उपचार मिल सकेगा। डॉ. सेठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार काम कर रही है। मेडिकल कॉलेजों का विस्तार, सरकारी अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं और जरूरतमंदों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर मिल रहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना भी आमजन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं।

छात्र राजनीति से प्रदेश संगठन तक का सफर

मूल रूप से शाहाबाद निवासी डॉ. हिमांशु सेठी ने वर्ष 1997 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की थी। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और चुनाव जीतकर छात्र हितों से जुड़े मुद्दे उठाए। वर्ष 2012 में भाजपा ने उन्हें अवध क्षेत्र में चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी। वर्ष 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में भी वह शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा टिकट के दावेदार रहे। पेशे से दंत चिकित्सक डॉ. सेठी ने कहा कि शाहाबाद की जनता से उनका पुराना जुड़ाव है और क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में राजेंद्र शुक्ला, रामसागर राठौर, फैंसी राठौर, रमाकांत मिश्रा, विनोद राठौर, राजीव राठौर, सौरभ लाहौरी, कौशल सैनी, आनंद गुप्ता, विक्रम राठौर, राजीव सोनी सहित विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला तथा बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक और उनकी टीम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में गवाही से रोकने के लिए 18 वर्षीय युवती के अपहरण का आरोप

पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। थाना गरौठा क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के एक पुराने मामले में गवाही से रोकने के उद्देश्य से 18 वर्षीय युवती का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम बंगरा निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री के साथ पूर्व में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मामले में गवाही देने से रोकने के लिए 12 नवंबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे विपक्षीगण उसके घर पहुंचे और उसकी 18 वर्षीय पुत्री को कथित रूप से अपहरण कर ले गए। मामले में थाना गरौठा पुलिस ने 16 नवंबर 2026 को मुकदमा अपराध संख्या 170/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 एवं 140(3) में रवि पुत्र राजू सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

पूजा अर्चना के साथ रवि पैलेस का शुभारंभ, गणमान्य लोग रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार



खुटार (शाहजहांपुर)। नगर पंचायत खुटार में पंथवारी मंदिर के पास बीएसएनएल टावर के निकट स्थित नवनिर्मित रवि पैलेस का सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर धार्मिक वातावरण के बीच हवन-पूजन का आयोजन किया गया। पैलेस स्वामी आयुष्मान मिश्रा उर्फ जासु के बाबा एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा ने फीता काटकर रवि पैलेस का विधिवत उद्घाटन किया। पूजा-अर्चना एवं हवन का कार्यक्रम पंडित विष्णु देव शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। शुभारंभ समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने पहुंचकर मिश्रा परिवार को नई शुरूआत की शुभकामनाएं दीं। रवि पैलेस को नगर खुटार में मांगलिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान के रूप में देखा जा रहा है। इसके शुभारंभ से नगर एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को विवाह समारोह, पारिवारिक कार्यक्रमों और अन्य मांगलिक आयोजनों के लिए एक नया विकल्प मिलेगा। इस मौके पर सभासद अनुज मिश्रा, वरुण पांडे रिंकू, रामप्रकाश मिश्र सुआ, वैभव मिश्रा उर्फ विभु, संदीप मिश्रा उर्फ शौकत, बृजमोहन मिश्रा, शोभित मिश्रा, आकाश श्रीवास्तव, सानू मिश्रा, शगुन पांडे, अंकित मिश्रा, धर्म मिश्रा एडवोकेट, सुशील मिश्रा, हरविंदर सिंह, नवद्वीप सिंह उर्फ बंटी, अशोक गुप्ता उर्फ गीटू एडवोकेट, प्रिंस गुप्ता, रितेश गुप्ता, अनुभव गुप्ता, आदर्श गुप्ता, राजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, सम्पादक त्वरित आवाज विमलेश गुप्ता, पत्रकार दीपक कुमार, पत्रकार वीरेंद्र मिश्रा, पत्रकार पवन पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मीडिया के सामने कार्रवाई का ऐलान, मौके से जाते ही भूले जिम्मेदारी!

न अस्पताल सील हुआ, न मरीज शिफ्ट; डिप्टी सीएमओ की भूमिका पर उठे सवाल

मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ के आरोप, कागजी आश्वासन पर लौटे अधिकारी; हिमांशी की मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। सर्कुलर रोड स्थित सिद्धार्थ हॉस्पिटल में आठ माह की गर्भवती हिमांशी की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। शुक्रवार रात हुए हंगामे के बाद मौके पर पहुंचे डिप्टी सीएमओ डॉ. अखिलेश वाजपेई ने मीडिया के सामने अस्पताल सील करने और भर्ती आठ पोस्ट ऑपरेटिव मरीजों को मेडिकल कॉलेज व एसएस हॉस्पिटल में शिफ्ट कराने का दावा किया था। लेकिन अधिकारी के मौके से लौटते ही कार्रवाई के दावे हवा हो गए। न अस्पताल सील हुआ और न ही मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। आरोप है कि अस्पताल संचालक रजनीश यादव उर्फ अनुज कुमार ने मरीजों को शिफ्ट करने का लिखित आश्वासन दिया और स्वास्थ्य विभाग ने उसी कागजी भरोसे पर कार्रवाई पूरी मान ली। नतीजा यह रहा कि आठ मरीज अस्पताल में ही बने रहे। अस्पताल में डॉक्टर, ईएमओ और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल डिप्टी सीएमओ की भूमिका को लेकर है। जब अस्पताल सील करने और मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की बात सार्वजनिक रूप से कही गई थी, तो फिर उस पर अमल क्यों नहीं हुआ? क्या स्वास्थ्य विभाग ने केवल मीडिया के सामने कार्रवाई का संदेश देने तक ही अपनी जिम्मेदारी सीमित रखी? आखिर किन परिस्थितियों में अस्पताल संचालक को इतनी राहत दी गई, जबकि मामला एक गर्भवती की मौत और आठ भर्ती मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा था? अस्पताल संचालक का रवैया भी चर्चा में है। आरोप है कि डिप्टी सीएमओ के कई बार फोन करने और अस्पताल सील करने की चेतावनी देने के बाद ही वह मौके पर पहुंचा। वहीं अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी बुलाने के बावजूद सामने नहीं आए। हिमांशी को महज चार घंटे के भीतर चार यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाए जाने के मामले ने भी उपचार की प्रक्रिया और चिकित्सा मानकों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है। सर्कुलर रोड पर लगभग एक किलोमीटर के दायरे में दर्जनभर निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। इनमें कई अस्पतालों की व्यवस्थाओं और मानकों को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठते रहे हैं। सिद्धार्थ हॉस्पिटल में गंदगी, बड़े हॉल में केबिन बनाकर मरीजों को भर्ती करने और आईसीयू के नाम पर उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति भी जांच का विषय है। 24 वर्षीय हिमांशी की मौत के बाद सबसे जरूरी सवाल यही है कि आखिर उसकी मौत के लिए जिम्मेदार कौन है? अस्पताल के पंजीकरण, चिकित्सकों की तैनाती, उपचार के रिकॉर्ड और मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कब होगी? शासन और जिला प्रशासन को अब केवल बयानबाजी के बजाय धरातल पर कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा स्वास्थ्य विभाग की कथित कागजी कार्रवाई मरीजों की जिंदगी पर भारी पड़ती रहेगी।

पचनदा मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने किया घाटों का निरीक्षण

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोर, जल पुलिस और बैरिकेडिंग के रहेंगे इंतजाम, सीसीटीवी व ड्रोन से होगी निगरानी

अमन लेखनी समाचार



जालौन। ऐतिहासिक एवं पारंपरिक पचनदा मेले को सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा मेला आयोजकों के साथ मेला परिसर और घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेले में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पार्किंग स्थलों, यातायात व्यवस्था और बैरिकेडिंग के पर्याप्त इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं। संगम स्थल के घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। गहरे पानी में श्रद्धालुओं को जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग, गोताखोरों और जल पुलिस की तैनाती के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा विद्युत, स्वास्थ्य, पेयजल, साफ-सफाई और अग्निशमन विभाग को मेला शुरू होने से पहले अपनी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी, वहीं अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का उद्देश्य पचनदा मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

सरकारी पट्टे की जमीन पर कब्जे का मामला

पट्टे की जमीन पर दोबारा कब्जा, विरोध किया तो तमंचा निकालकर दी जान से मारने की धमकी! एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

12 दिन के धरने के बाद प्रशासन ने दिलाया था कब्जा, अब ट्रैक्टर से मेड़ जोतकर बोई गेहूं की फसल; जातिसूचक गालियां देने का भी आरोप

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज (हरदोई)। थाना क्षेत्र में सरकारी पट्टे की जमीन पर दोबारा कब्जा करने और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम देवियापुर निवासी जगमोहन पुत्र स्वर्गीय जौधा प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अनुसूचित जाति का भूमिधर पट्टेदार है। आरोप है कि ग्राम परोली निवासी राजेंद्र उर्फ बड़े भैया पुत्र चुन्नीलाल ने खसरा संख्या 2442 की सरकारी पट्टे की जमीन पर दोबारा कब्जा कर लिया है। पीड़ित के मुताबिक, बीती 10 अप्रैल को प्रशासनिक राजस्व टीम ने 12 दिन तक चले धरने के बाद उसे उक्त जमीन पर कब्जा दिलाया था। इस दौरान एसडीएम ने चौकी प्रभारी को निर्देश दिए थे कि पट्टेदार को परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके बाद 17 मई को उसने करीब 20 हजार रुपये खर्च कर खेत का समतलीकरण कराया था। सात जुलाई को खेत में मक्का की फसल बोई और काटी भी, लेकिन उस समय किसी ने विरोध नहीं किया। आरोप है कि चार नवंबर को विपक्षी ने ट्रैक्टर से खेत की मेड़ जोतकर गेहूं की फसल बो दी। जानकारी मिलने पर जब जगमोहन ने इसका विरोध किया तो उसके साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की गई। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह मौके से भागकर उसने अपनी जान बचाई। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जालौन में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित

17 नवंबर से शुरू होंगे दावे और आपत्तियां

4 जनवरी 2027 को होगा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन, मतदाता जानकारी के लिए जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर 1950

अमन लेखनी समाचार

उरई (जालौन)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद जालौन की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी समीर ने बताया कि एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 नवंबर 2026 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 व 22 नवंबर तथा 28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने सहित अन्य आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा, जबकि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय जालौन में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर (डीसीसी) की स्थापना की गई है। मतदाता सूची एवं निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए नागरिक दूरभाष नंबर 05162-250288 अथवा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला अस्पताल में दंत चिकित्सक की गैरहाजिरी का आरोप

मरीजों को करना पड़ रहा इंतजार

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। जिला अस्पताल उरई में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अस्पताल में तैनात दंत चिकित्सक डॉ. गरिमा तिवारी पर निर्धारित समय पर अपने कक्ष में मौजूद न रहने के आरोप लगे हैं। मरीजों का कहना है कि डॉक्टर के समय से उपलब्ध न होने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई मरीज बिना उपचार कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो जाते हैं। मरीजों के अनुसार, अस्पताल में दंत चिकित्सा के लिए पहुंचने के बावजूद समय पर डॉक्टर के न मिलने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप यह भी हैं कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) की ओर से कई बार हिदायत दिए जाने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी आखिर कौन निभा रहा है? यदि मरीजों को निर्धारित समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है तो अस्पताल की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर चिकित्सक की उपस्थिति और कार्यशैली की जांच कराते हैं या नहीं, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

नोटः चिकित्सक पर लगाए गए आरोप मरीजों की शिकायतों पर आधारित हैं। मामले में संबंधित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग का आधिकारिक पक्ष मिलना बाकी है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

जिलाधिकारी समीर ने स्वयं पूरी की स्व-जनगणना, जनपदवासियों से भी की ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाने की अपील

16 से 30 नवंबर तक घर बैठे कर सकेंगे स्व-जनगणना, एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक; मोबाइल पर ओटीपी के जरिए दर्ज होगी परिवार की जानकारी

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। जनगणना-2027 के दूसरे चरण के तहत जनपद जालौन में स्व-जनगणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी समीर ने आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी स्व-जनगणना पूरी की और जनपदवासियों से भी निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-जनगणना के लिए नागरिकों को किसी कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। वे अपने मोबाइल या कंप्यूटर से वेबसाइट पर जाकर घर बैठे परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारियां भरनी होंगी। उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना पूरी होने पर एक विशिष्ट आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। एक दिसंबर से जब प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे तो नागरिक उन्हें यह आईडी दिखाकर जानकारी का सत्यापन करा सकेंगे। परिवार के सदस्य भी इस आईडी को आपस में साझा कर सकते हैं, जिससे दोहरी गणना की संभावना कम होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और इसका उपयोग निर्धारित सांख्यिकीय एवं नीतिगत उद्देश्यों के लिए ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं का आधार है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आवास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर नियोजन के लिए प्रत्येक परिवार की सही जानकारी जरूरी है। जिलाधिकारी ने अपील की कि सभी परिवार 16 से 30 नवंबर 2026 के बीच ऑनलाइन स्व-जनगणना अवश्य पूरी करें। परिवार के बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों सहित किसी भी सदस्य की जानकारी छूटने न पाए। स्व-जनगणना के बाद प्राप्त आईडी सुरक्षित रखें और प्रगणक के घर पहुंचने पर उन्हें उपलब्ध कराएं। साथ ही आसपास के लोगों को भी इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें।

17 नवंबर को होगी जिला सैनिक बंधु की बैठक, पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर होगा मंथन

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12:30 बजे होगी बैठक, समस्याओं के निराकरण के लिए सुबह 11:30 बजे तक जमा करें प्रार्थना पत्र

अमन लेखनी समाचार

उरई (जालौन)। जनपद के भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए 17 नवंबर को जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12:30 बजे से होगी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल स्नेहदीप दिलीप बान्देकर (अप्रा.) ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को अपनी समस्याएं रखनी हैं, वे उनके निराकरण के लिए लिखित प्रार्थना पत्र 17 नवंबर को सुबह 11:30 बजे तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

आईएमए गाजियाबाद का अनूठा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान 'राहगीरी' बना आकर्षण का केंद्र

हजारों स्कूली विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने लिया हिस्सा, स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दिया निरोग रहने का संदेश

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गाजियाबाद एवं आईएमए यूपी स्टेट मुख्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जनस्वास्थ्य जागरूकता, स्वास्थ्य शिक्षा एवं स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से अनूठे कार्यक्रम 'राहगीरी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद के विभिन्न स्कूलों के हजारों विद्यार्थियों के साथ स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बीमारियों से बचाव, संतुलित खानपान, पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न बीमारियों की रोकथाम, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारीपूर्ण स्टॉल लगाए तथा रोचक एवं संवादात्मक माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि लगभग 20 स्कूलों एवं कॉलेजों के 100 विद्यार्थियों ने इसमें प्रतिभाग किया। इन विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं, जिन्हें वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में अन्य विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे। इसके माध्यम से हजारों विद्यार्थियों और उनके परिवारों तक स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश पहुंचेगा। इस प्रकार 'राहगीरी' केवल एक आयोजन न होकर समाज में स्वास्थ्य चेतना फैलाने का प्रभावी अभियान साबित हुआ। इस अवसर पर व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न सामान्य स्वास्थ्य मानकों की जांच, बीएमआर (बेसल मेटाबॉलिक रेट), बोन डेंसिटी टेस्ट एवं फाइब्रोस्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों एवं रेजिडेंट डॉक्टरों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. (प्रो.) शरद कुमार अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ आईएमए यूपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, प्रदेश सचिव डॉ. आशीष अग्रवाल, प्रदेश वित्त सचिव डॉ. वाणी पुरी एवं प्रदेश आईएमए समन्वयक डॉ. वी.बी. जिंदल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. शरद कुमार अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभिनव जनजागरूकता कार्यक्रम समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेषकर किशोर एवं युवा पीढ़ी को संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधियों और बचाव आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश हजारों परिवारों तक पहुंचाना इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम की सफलता पर आईएमए गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ. प्रहलाद चावला के नेतृत्व में पूरी टीम की सराहना की गई। साथ ही इस कार्यक्रम की शुरूआत करने वाली आईएमए की तत्कालीन अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. अल्पना कंसल के विशेष योगदान की प्रशंसा की गई, जिन्होंने पिछले वर्ष इस अभिनव पहल की नींव रखी थी। आयोजकों ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी चिकित्सकों, विद्यालयों, कॉलेजों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं आईएमए सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए चिकित्सा जगत के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



शरद ने बॉलीवुड में मांगा काम हॉलीवुड फिल्म का मिला ऑफर

मुंबई। फिल्म 'जोश' में अपनी दमदार भूमिका से पहचान बनाने वाले अभिनेता शरद कपूर इन दिनों मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री के लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा है कि उन्हें काम और आर्थिक मदद की जरूरत है। ताकि वह दोबारा अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इसी बीच अब एक अच्छी खबर सामने आई है। अभिनेता ने बताया कि उन्हें एक हॉलीवुड फिल्म का ऑफर मिला है। शरद कपूर ने बताया कि उन्हें एक हॉलीवुड फिल्म का ऑफर मिला है और वो जनवरी में इसकी शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। अभिनेता ने कहा, 'मुझे एक हॉलीवुड फिल्म का ऑफर मिल चुका है।

लाइफ Style

अनन्या

अपने सारे एक्सेस को किए कॉल!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कॉफी विद करण' सीजन 9 के अगले एपिसोड में दो अनन्याएं - अनन्या पांडे और अनन्या बिड़ला - नजर आएंगी। शो के होस्ट करण जौहर ने आने वाले एपिसोड का प्रोमो शेयर किया, जिसमें दोनों खूब हंसी-मजाक करती दिखीं और एक-दूसरे से जुड़े कुछ राज भी खोले।

प्रोमो में, दर्शकों को दोनों अनन्या के बीच की मजेदार दोस्ती की एक झलक देखने को मिली। अनन्या पांडे ने कहा कि उन्हें ऐसे लोग बिल्कुल पसंद नहीं जिनका नाम उनके नाम जैसा हो, लेकिन अनन्या बिड़ला इसका अपवाद हैं। फिर, फोन कॉल वाले सेगमेंट में, जहां होस्ट हर मेहमान से अपने किसी सेलिब्रिटी दोस्त को फोन करने और 'हे करण, मैं हूं!' कहने के लिए कहते हैं, अनन्या पांडे ने आदित्य रॉय कपूर को फोन लगाने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन कार्तिक आर्यन ने उठा लिया।

अनन्या बिड़ला ने मजाक में कहा कि वह अपने सभी एक्सेस को एक-एक करके फोन कर रही हैं, और करण हंसने लगे। इससे पहले, अनन्या ने ईशान खट्टर को डेट किया था, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए। 2022 में, ईशान ने 'कॉफी विद करण' में अपने ब्रेकअप की पुष्टि की और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे आगे भी दोस्त बने रहेंगे। इसके बाद, खबरों के अनुसार, अनन्या लगभग दो साल तक आदित्य रॉय कपूर के साथ रिलेशनशिप में रहीं। हालांकि, उन्होंने कभी अपने रिश्ते को सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन साथ में छुट्टियों की उनकी तस्वीरें ऑनलाइन सामने आई थीं।



हॉलीवुड मसाला



20 नवंबर को रिलीज होगी गॉडजिला

नई दिल्ली। अमित मल्होत्रा लिखित रामायण का शूटिंग दिसंबर में शुरू होना तय है कि एक बेस्ट प्रोडक्शन हाउस एकाएक फिल्म गॉडजिला माइनस जीरो को पोस्टपोन करना पड़ गया था। जापान की फिल्म गॉडजिला माइनस जीरो पहले भारत में 6 नवंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन रामायण के चलते मेकर्स को रिलीज डेट पोस्टपोन करनी पड़ गई थी। अब गॉडजिला माइनस जीरो की रिलीज डेट 20 नवंबर कर दी गई है। यह फिल्म पहले ही सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। पहले 3 नवंबर को फिल्म जापान में रिलीज हुई और फिर 6 नवंबर को अमेरिका समेत बाकी देशों के सिनेमाघरों में पहुंची।



कनाडाई गायिका के घर गूंजी किलकारी

लॉस एंजिल्स। एवील लवीन मां बन गई हैं। मशहूर कनाडाई गायिका ने पहले बच्चे के रूप में बिटिया का स्वागत किया है। उन्होंने बेटी की तस्वीर शेयर करते हुए खुशखबरी फैंस के साथ साझा की है। हालांकि, बेबी गर्ल का नाम उन्होंने अभी रखा है, यह जानकारी नहीं दी है। साथ ही अपने पार्टनर की पहचान भी नहीं बताई है। पॉपस्टार एवील लवीन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तीन फोटोज शेयर किए हैं। एक तस्वीर में वे और उनके पार्टनर अपनी नन्ही परी के नन्हे हाथों को थामे हुए हैं। दूसरी तस्वीर में एवील अपनी बेटी के साथ बेजर आ रही हैं। तीसरी तस्वीर में एवील, उनके पार्टनर और बेबी गर्ल के शूज हैं।



शूटिंग में गंदी हरकतों की हुई थीं शिकार

नई दिल्ली। अभिनेत्री स्वरा भास्कर एक बार फिर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि साल 2011 में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा था। उस वक्त वह फिल्म इंडस्ट्री में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही थीं। ऐसे में न तो उनके पास अपनी कोई पर्सनल टीम थी और न ही कोई ऐसा फरीक्वी था, जिसे वह अपनी परेशानी बता सकें। करियर की शुरुआत में मिले इस अनुभव को स्वरा उस समय ठीक से समझ भी नहीं पाई थीं। हालांकि, कई साल बाद मीटू मूवमेंट के दौरान दूसरी महिलाओं के अनुभव पढ़ने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ जो हुआ था, वह भी यौन उत्पीड़न ही था। दरअसल, एक बातचीत में स्वरा ने मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में फिल्म की आउटडोर शूटिंग के दौरान हुई घटना को याद किया।



आश्रम सीजन-4 की पूरी हुई शूटिंग

मुंबई। मशहूर वेब सीरीज 'आश्रम' के सीजन 4 की शूटिंग पूरी हो गई है। अभिनेता बॉबी देओल और फिल्म निर्माता प्रकाश झा ने शूटिंग पूरी होने का केक काटकर जश्न मनाया है। इस मौके पर इस सीजन की पूरी कास्ट मौजूद थी। केक पर 'जपनाम, इट्स अ रैप - आश्रम सीजन 4' लिखा था। 'आश्रम' के इस नए सीजन की शूटिंग इस साल अगस्त में शुरू हुई थी। शूटिंग पूरी होने की अपडेट को फैंस के साथ साझा करते हुए 'प्रकाश झा प्रोडक्शंस' ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर पोस्ट की, जिस पर 'आश्रम 4' लिखा था। यह क्लैपरबोर्ड पूजा-पाठ वाली जगह पर रखा गया था। फोटो के साथ यह कैप्शन भी था, 'एक और आरंभ... आश्रम के नए अध्याय में आपका स्वागत है।

टीवी मसाला



बिग बॉस में सलमान का कनिका और लव पर बरपा गुस्सा

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 के वीकेंड का वार के एपिसोड में बहुत कुछ देखने को मिला। होस्ट सलमान खान ने स्क्वाड ओपी की अपने करीबी फैंस वुंश डीसूजा से लड़ाई से लेकर लव सिन्हा के साथ उसकी बेटी में बहस आने बात तक। इसी दौरान कनिका मान को भी उन्होंने जाड़े हाथ लिया, जो उनके सामने काफी तौबरे और जबानदारी खुले से बहस करती हुई नजर आईं। इसे देखकर सलमान खान का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने कनिका मान को वॉर्निंग दी कि उनके सामने आवाज ऊंची ना करें। सलमान खान ने कनिका मान से कहा कि वह अपने दोस्तों की तरफदारी करती है और हर किसी से अलग-अलग तरह से बात करती हैं। इस पर काजो जवाब करते हैं। सलमान कहते हैं, "जब स्क्वाड ने लव के बारे में इतनी बेहूदी बात कही, तब तुम वहीं खड़ी थीं, लेकिन तुमने कोई स्टैंड नहीं लिया जैसे उनका साथी मसले को कह. कनिका, तुम पायदी हो। इसी बीच कनिका, काजो और आकबती से झगड़ने लगती है और चिल्लाती हैं, जिस पर सलमान कहते हैं, कनिका, मेरे सामने अपनी आवाज ऊंची मत करो। यहां तो बिल्कुल मैं नहीं मैं मैं ऐसा कर सकता हूं। इस बात पर कनिका कहती हैं, 'मुझे आपके लिए अफसोस है' सलमान जवाब में कहते हैं, मुझे तुम्हारे लिए अफसोस है। जहां तुम्हारा जो लाइन है, जो ताने तुम मार रही हो, उन्हें अपने पास ही रखो। तुम आजकल बिल्कुल खत्म गई हो. लॉरीकॉप वाली बात पर बुरा मान जाने वाली कनिका से लेकर अब तक तुम एक अलग ही रास्ते पर चल रही हो। कनिका, क्या अब तुम चुप रहोगी' वीकेंड का वार में सलमान खान ने सबसे पहले टास्क के दौरान स्क्वाड ओपी के सदस्य के दौरान वंश डीसूजा को थप्पड़ देने पर बात की।

समय रैना के शो में पहुंचीं सलमा

नई दिल्ली। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' सीजन 2 की कंटेस्टेंट सलमा दीवानी अपने पंचलाइन और होस्ट समय रैना के मजेदार रोस्ट की वजह से वायरल हो गई हैं। इस किरदार को एक्टर और परफॉर्मर अनन्या सोनी ने निभाया है। उनका कॉमेडी एक्ट इतना मजेदार था कि होस्ट और जैलिब्रिटी पैनलिस्ट अपनी हंसी नहीं रोक पाए और अब यह हंसराबेट पर सबसे चहेती बन गई हैं। वहां वायरल क्लिपों में सलमा चौधरी को अपने खास टैलराबर्ड तरीके में हाजिरजवाबी करते और बेबाक मजाक करते देखा जा सकता है। उन्होंने अपने कॉमेडी एक्ट में हरियाणी उर्दू का इस्तेमाल किया और रोजमर्रा के सामाजिक विषयों पर तीखे कमेंट्स किए। अपने एक्ट के दौरान उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि शादी-शुदा के मामले में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग पैमाने क्यों हैं। उन्होंने बताया कि कैसे महिलाओं से हमेशा सोच-समझकर बोलने की उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा, मेरा मन करता है कि मैं उन्हें गालियां दूं, लेकिन मैं दे नहीं सकती। वह मुश्किल है। मैं वहां गालियां नहीं देती, मैं वहीं मैं गालियां नहीं देती। वैसे भी यह बुरी बात है, इसलिए मैं ऐसा कभी नहीं करता। अगर कोई लड़की गाली दे, तो उसकी शक्लसूरत खो जाती है, लेकिन पुरुषों के मामले में ऐसा नहीं है।

'ओम' में चंदन तस्करों के खिलाफ धनुष का खतरनाक मिशन

मुंबई। लंबे इंतजार के बाद धनुष की फिल्म 'ओ एम पैटर 1: उधिरन - द ब्लड वुड स्मगलर ऑपरेशन सॉन्ग' का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है और यह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा है। ट्रेलर हमें लाल चंदन की तस्करी की दुनिया में ले जाता है। इसमें धनुष एक लकड़हारे की भूमिका में हैं, जो इस खतरनाक सिंडिकेट में फंसकर सब कुछ खो देता है। जाई पल्लवी, जो इस फिल्म 'समारन' में सीता नाम के किरदार से सबका दिल जीत रही हैं। वे 'ओ एम' में जैसी आई अधिकारी निखा रेड्डी के रूप में एक बेखौफ और दमदार भूमिका में नजर आती हैं। ट्रेलर में उन्हें 'ऑपरेशन सॉन्ग' का नेतृत्व करते हुए और तस्करी के इस विरोध का प्रतिपक्ष करते तो कॉलिज करते हुए देखा जा सकता है। फिल्म में उनके बड़ा उपरांइज मनुटी को पड़ी

ट्रेलर में छाए मनुटी साई

ओ एम पैटर 1: उधिरन' के ट्रेलर में जाई पल्लवी के किरदार की झलक देखने को मिलती है, जिनमें ईमानदारी, जिम्मादारी और युवा जोश के साथ अनुभव का शानदार मेल नजर आता है। ट्रेलर में उन्हें 'ऑपरेशन सॉन्ग' का नेतृत्व करते हुए और तस्करी के इस विरोध का प्रतिपक्ष करते तो कॉलिज करते हुए देखा जा सकता है। फिल्म में उनके बड़ा उपरांइज मनुटी को पड़ी है, जो एक राजनेता के किरदार में नजर आते हैं।



धनुष के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करते हुए वे एक दमदार और रहस्यमयी किरदार में नजर आते हैं, जो पर्दे के पीछे रहकर पूरे कारोबार को अपने इशारों पर चलाता दिखाई देता है।

दस खॉलीवुड एक्टर की हुई एंट्री

'ओ एम पैटर 1: उधिरन' ट्रेलर में कतीरवुड्डन वहद की भी एक झलक देखने को मिलती है। हालांकि उनके किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन ऐसा लगता है कि वह एक छोटा रोल है। इस चार दिलचस्प कलाकारों के अलावा फिल्म में खोलीवुड की हैं, जो धनुष की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म को 'अमरन' फेम राजकुमार पेरियसामी ने लिखा और निर्देशित किया है। इसे जबकि लाई अमरावन ने किया है। पंडरबार फिल्मस और आरदेक स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म एक प्रेमकहानी की शुरुआत के रूप में बताई गई है।

शबाना की पहली फिल्म के पोस्टर का उड़ा था मजाक, कहा था कान दर्द की दवा का विज्ञापन

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस शबाना आजमी ने अपने करियर में कई ऐसी फिल्में की हैं, जिन्होंने न सिर्फ उन्हें एक बेहतरीन एक्ट्रेस के तौर पर पहचान दिलाई, बल्कि हिंदी सिनेमा को भी नई दिशा दी। उनकी पहली फिल्म 'अंकुर' भी ऐसी ही फिल्मों में शामिल है। साल 1974 में रिलीज हुई इस फिल्म ने शबाना को रातोरात चर्चा में ला दिया था। फिल्म रिलीज होने से पहले इसके पोस्टर को लेकर लोगों की सोच कुछ और ही थी। मुंबई के वीरा कॉलेज पर जब 'अंकुर' का पोस्टर लगाया गया तो लोगों ने उसकी तारीफ करने के बजाय उसका मजाक उड़ाया था। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म रिलीज होने के बाद यही लोग पोस्टर देखकर फिल्म की तारीफ करने लगे थे। शबाना ने अब सोशल मीडिया पर इस पुराने किस्से को याद किया है। बता दें कि 'अंकुर' शबाना आजमी के एक्टिंग करियर की पहली फिल्म थी। इसके जरिए यह मशहूर फिल्ममेकर श्याम बेनेगल की भी पहली पोस्टर फिल्म थी। फिल्म की कहानी 1950 के दशक में हैदराबाद में हुई एक वास्तविक घटना से प्रेरित मानी जाती है।



पोस्टर में आंखें बंद थीं

शबाना आजमी ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर 'अंकुर' के पुराने पोस्टर की तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि उस दौर में फिल्मों के पोस्टर कितनी अलग अंदाज में बनाए जाते थे। पेज में 'अंकुर' का पोस्टर लोगों को कुछ अजीब लगा था। इस पोस्टर में शबाना आजमी और विनय के साथ साउंड इंजीनियर बच्चू मोहर नजर आए थे। शबाना की आंखें बंद थीं और वह बच्चू मोहर के पास लेटी हुई थीं। शबाना ने अपने पोस्ट में लिखा, मुझे याद है कि जब यह पोस्टर वीरा कॉलेज पर लगाया गया था तो उस दौर के दूसरे पोस्टरों से बिल्कुल अलग होने के कारण इसका मजाक उड़ाया गया था। लोग पूछ रहे थे- यह क्या है? दवा कंपनी की कवर का विज्ञापन? शबाना ने आगे लिखा, लेकिन जब फिल्म रिलीजहाउसों में रिलीज हुई और दर्शकों ने इसे देखा तो लोगों की राय पूरी तरह बदल गई।

60 के दशक का पुराना गाना आज भी है अमर

गुस्से में लिखा गया था किशोर कुमार का आइकॉनिक गीत

गीतकार शैलेंद्र ने लिखे थे लिरिक्स

एक रिपोर्ट के आधार पर ऐसा बताया जाता है कि इस गाने के मुखड़े को शैलेंद्र ने गुस्से में लिखा था। दरअसल, बात 60 के दशक की शुरुआत की है, जब राज कपूर फिल्म कॉलेज गर्ल को बनाने की तैयारी में थे और इस फिल्म के लिए संगीतकार शंकर-जय किशन की जोड़ी को चुना गया था, जो उस वक्त राज साहब के फेवरेट माने जाते थे। गीतकार के तौर पर अक्सर शैलेंद्र और हसरत जयपुरी इन संगीतकार की जोड़ी के पसंदीदा था। लेकिन, शैलेंद्र को ये जानकारी मिली की शंकर-जयकिशन ने किसी तीसरी गीतकार को कॉलेज गर्ल के काम सौंपा है तो वह गुस्से में आग बबूला हो गए और हसरत जयपुरी को साथ में लेकर सीधा शंकर-जयकिशन के ऑफिस पहुंच गए। वहां उनको कोई नहीं मिला और फिर शैलेंद्र ने गुस्से में ऑफिस ब्वॉय को बुलाकर एक पेपर पर दो लाइन लिखकर शंकर-जय किशन को देने के लिए कह दिया था।



नई दिल्ली। फिल्मी गानों के लेकर कई तरह के रोचक किस्से सिनेमा जगत में मौजूद है। खासतौर पर पुराने जमाने में ऐसे गीत रहे, जिनके पीछे कोई न कोई दिलचस्प किस्सा शामिल था। ऐसा ही एक सॉन्ग महान गायक किशोर कुमार का था, जिसके बोल गीतकार द्वारा गुस्से में लिखे थे। खास बात ये थी कि वह गीत किशोर दा की फिल्म के लिए भी नहीं लिखा गया था। फिर भी 64 सालों से उनकी आवाज में ये गाना सिनेमा की दुनिया में अमर है।

1964 में रिलीज हुई फिल्म रंगोली

जिस गीत के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, वह साल 1964 में रिलीज हुई फिल्म रंगोली से नाता रखता है। जिसमें किशोर कुमार और अभिनेत्री वैजयंतीमाला ने अहम भूमिका को अदा किया था। रंगोली फिल्म के उस सॉन्ग के बोल थे- छोटी सी दुनिया... । इस गाने को किशोर दा ने अपनी मधुर आवाज में गाकर अमर किया और इसके लिरिक्स हिंदी सिनेमा के महान गीतकार शैलेंद्र द्वारा लिखे गए थे।

कागज पर लिख दी थीं दो लाइनें

वह दो लाइनें थीं- छोटी सी ये दुनिया, पहचाने रस्ते हैं, तुम कभी तो मिलोगे, कहीं तो मिलोगे तो पूछेंगे हाल... जब फिल्म रंगोली का निर्माण हुआ तब शंकर-जय किशन ने शैलेंद्र से कहा था कि गाने का मुखड़ा हमारे पास है और आप इसका अंतरा लिखे दें। लेकिन शैलेंद्र हैरान हुआ और कहा कि मैंने तो कोई गीत नहीं लिखा। फिर संगीतकार ने उन्हें ऑफिस ब्वॉय वाला वही पेपर दिखाया, जो शैलेंद्र ने गुस्से में लिखा था। ऐसे जाकर रंगोली फिल्म का किशोर कुमार वाला गाना बना।